भोपाल
मंगलवार, 13 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 284
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 10

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**मुख्यमंत्री ने किया सूर्य नमस्कार और प्राणायाम**

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी नसीहत

# नशे की लत और जंक फूड से दूरी बनाएं, योग करें

**योग हमारी भारतीय परंपरा का है अहम हिस्सा**

**स्वामी विवेकानंद का सुनाया शिकागो भाषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुबह 9:30 बजे सूर्य नमस्कार और प्राणायाम के साथ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नशे की लत और जंक फूड से दूरी बनाएं और योग करें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से राष्ट्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। वे एक महान चिंतक थे और केवल शरीर से बल्कि कर्म से भी युवा थे। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा है। सूर्य नमस्कार की यौगिक क्रियाएं हमारे संपूर्ण जीवन का निचोड़ हैं। यह केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि हमारे जीवन को सामान्यता से उत्कृष्टता की ओर लेकर जाने का बड़ा माध्यम है। हम रोजाना सूर्य नमस्कार में समाहित 12 योग क्रियाओं के जरिए ही अपने शरीर को निरोगी बनाकर सुखी रह सकते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और अधिकारी-कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन का प्रसारण भी किया गया।


बच्चों को संबोधित करते सीएम

### शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं जंक फूड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वाध्याय भी ज्ञान अर्जन का एक सशक्त माध्यम है। सभी को स्वाध्याय करना चाहिए। जंक फूड शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं। इन्हें कम से कम खाएं। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। युवाओं से कहा कि दिन में कम से कम आधा घंटा योग के लिए देना बेहद जरूरी है। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



### हताशा से नहीं आशा से भरे रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना कोई एक पसंदीदा खेल जरूर खेलें। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहें। अपने व्यक्तित्व के साथ चरित्र का भी निर्माण करें। अपनी भावनाएं परिवार और दोस्तों के साथ साझा करें, हताशा से नहीं, हमेशा आशा से भरे रहें। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रवींद्र यति, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाहा प्राचार्य सुधाकर पाराशर सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

**रवींद्र भवन में हुई मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट-2026**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया स्टार्टअप प्रदर्शनी का शुभारंभ

# 156 स्टार्टअप को 2.5 करोड़ प्रोत्साहन राशि और 21 को 8.17 करोड़ रु. ऋण

*सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश नए-नए अवसरों का प्रदेश है। युवा ही देश को नई सोच और नई दिशा की ओर ले जाते हैं। इसलिए नवाचारों को प्रोत्साहन देना, हमने हमारा संकल्प निहित किया है*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दो दिनों से चल रहे मप्र स्टार्टअप समिट-2026 के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 156 स्टार्टअप को 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्टअप को 8.17 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की।

मुख्यमंत्री ने समिट में विभिन्न सफल और विकासशील स्टार्टअप के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को सम्मानित किया। रवींद्र भवन में आयोजित स्टार्टअप समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन समय से ही हम व्यापार-व्यवसाय की भरपूर समझ रखते हैं। चूंकि पुरूषार्थ, उद्यमिता, नवाचार और व्यापार हम भारतीयों के संस्कारों में ही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नए-नए अवसरों का प्रदेश है। युवा ही देश को नई सोच और नई दिशा की ओर ले जाते हैं। इनके नवाचार ही विकास का आधार बनते हैं। इसलिए नवाचारों को प्रोत्साहन देना, हमने हमारा संकल्प निहित किया है।

**मुख्यमंत्री ने बैंक ऋण और निवेश सहायता राशि प्रदान की**


एमओयू का अदान प्रदान करते हुए

- **एमएसएमई और 4 प्रमुख संस्थाओं के बीच हुए लांग टर्म एमओयू**
- **मुख्यमंत्री ने सफल और विकासशील स्टार्टअप के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को दिए अवार्ड**
- **सीएम ने मप्र में स्थापित सफल स्टार्टअप पर केंद्रित एक बुकलेट का विमोचन भी किया**
- **भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई जिनका जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक योगदान**

### बोस के स्टार्टअप को हमारे लोगों ने पहचान नहीं दिलाई

मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस ने सबसे पहले दुनिया को बताया कि पौधों में प्राण होते हैं। उन्होंने कैस्ट्रोग्राफी के माध्यम से पौधों में जीवन से जुड़े कई रहस्यों से पर्दा उठाया था। इसके बाद मार्कोनी को इसी खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला, यद्यपि यह खोज डॉ. बोस ने ही की थी। अंतर सिर्फ इतना था कि उनके स्टार्टअप को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सरकार हर वक्त नए स्टार्टअप और नए आइडियाज के साथ

एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सरकार ने स्टार्ट-अप पॉलिसी 2025 में नवाचारों को प्रोत्साहित करने की शुरुआत की है। नए विचारों के साथ स्टार्ट-अप शुरू करने वाले उद्यमियों को इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से 10 हजार रुपए की प्राथमिक सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार हर वक्त नए स्टार्टअप और नए आइडियाज के साथ खड़ी है।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई है, जो देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि कुल निर्यात में एमएसएमई की हिस्सेदारी 45 प्रतिशत तक है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में स्टार्टअप का योगदान अतुलनीय है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रदेश में अब एक दिन में कोई कंपनी शुरू हो सकती है

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि आज जेन-जी और जेन-अल्फा की दुनिया के युवा स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। पहली बार 16 जनवरी 2016 को भारत में स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया की शुरुआत हुई। अब राज्य सरकार की नीतियां ऐसी हैं कि स्टार्टअप की सभी समस्याएं इसी में ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

*तीन दिन बाद फिर बढ़ेगी सर्दी, 15 से नया डब्ल्यूडी करेगा असर*

## अभी प्रदेशभर में कोल्ड वेव, कोल्ड डे घने कोहरे से राहत, हवा में नमी भरपूर

**भोपाल में दिन का तापमान 26.8 और रात का एक डिग्री बढ़कर 9 डिग्री रहा, यह सामान्य से 1.7 डिग्री कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो से तीन दिन बाद तापमान में फिर तेजी से कमी आएगी। 15 जनवरी को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे मौसम में कुछ बदलाव की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक ट्रफ के रूप में है, जबकि उत्तरी हरियाणा के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। 15 जनवरी को नया डब्ल्यूडी आने से मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। सोमवार को अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही, जबकि रात के पारे में घट-बढ़ रही है। दिन का औसत तापमान 26 डिग्री रहा, जो औसत सामान्य से 2 डिग्री तक अधिक है। रात में एक से दो डिग्री तक की घट-बढ़ के बीच औसत रात का पारा 10 डिग्री ▶▶ शेष पेज 6 पर



रीवा में कोहरे का असर

### मध्यम से हल्का कोहरा

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को कुछ जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। इनमें प्रमुख रूप से उत्तरी और उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश के जिले शामिल हैं। खासकर ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ तथा निवाड़ी में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है।

### ठंड से बढ़ेगा कोहरा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी रात और दिन का पारा सामान्य के आसपास होने से कोहरे का असर बहुत कम है। भोपाल सहित प्रदेशभर में सुबह की हवा में औसतन 80 फीसदी और शाम 5:30 बजे 45 प्रतिशत तक नमी है। इससे आने वाले तीन से चार दिन बाद उत्तरी हवाओं से ठंडक बढ़ने के साथ कोहरे का असर भी बढ़ेगा।




---

*65 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ा*

## इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत

**अभी तक मिल रहे हैं दूषित पानी के पीड़ित मरीज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत की घटना सामने आई है। भागीरथपुरा की इमली गली में रहने वाले भगवान भारने (65 वर्ष) ने निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इंदौर का भागीरथपुरा कांड 29 दिसंबर को चर्चा में आया था, जब 100 से अधिक लोग बीमार पड़े थे। इसके बाद ही दूषित जल से लोगों के मरने की जानकारी भी सामने आने लगी थी। वे करीब 10 दिन से हॉस्पिटल में एडमिट थे। पहले उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। बाद में बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था। हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि जब उन्हें ▶▶ शेष पेज 6 पर


टैंकरों से क्षेत्र में पानी आपूर्ति

### आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हुई

आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या कम ज्यादा हो रही है। 8 जनवरी को जहां आईसीयू में 10 मरीज थे। 10 जनवरी को ये आंकड़ा 11 तक पहुंच गया। वहीं, 11 जनवरी को आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हो गई। जबकि पिछले कई दिनों से 3 मरीज वेंटिलेटर पर बताए जा रहे हैं।

*बीना में 3 साल की बच्ची से हैवानियत*

## भाई के सामने बहन को उठा ले गया दरिंदा, गंभीर हालत में मिली मासूम

**बच्ची आरोपी को चाचा कहती थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

विधानसभा के खिमलासा थाना अंतर्गत 3 साल की बच्ची के साथ रेप का शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को 3 साल की मासूम अपने भाई के साथ खेत पर खेल रही थी। तभी शाम 5:30 से 5.50 के बीच पड़ोस में रहने वाला आरोपी आया और मासूम को उठाकर बोनी मशीन के पीछे ले गया। बहन को उठाकर ले जाते आरोपी को देख भाई दौड़ता हुआ घर पहुंचा और अपनी मां को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना लगते ही मां खेत की दौड़ी और देखा कि उसकी बच्ची के शरीर से खून निकल रहा था और वह दर्द से तड़प रही थी।



इसी थाने का मामला

बच्ची के पास खड़ा आरोपी मां को देखकर मौके से भाग गया। मां बच्ची को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल खुरई लेकर पहुंची। जहां पर बच्ची का इलाज कर मेडिकल किया गया। मां की शिकायत पर थाना खुरई शहर की उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) 65 (2) बीएनएस 5(एम)/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, आरोपी को गिरफ्तार कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज

## अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' का आयोजन

### फ्रेडरिक मर्ज अभिभूत.. पीएम मोदी ने समझाई भारतीय गुजराती संस्कृति की बारीकी

# भारत-जर्मनी दोस्ती... प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर मर्ज ने उड़ाई पतंग



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' में भाग लिया। साबरमती आश्रम का दौरा करने के बाद पीएम मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे और यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय काइट फेस्टिवल 2026 में भाग लिया।

इस दौरान दोनों नेताओं ने पतंग उड़ाकर उत्सव का आनंद लिया और गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**'वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली पतंग बनी आकर्षण**

### पतंगों पर तिरंगा, हिंदू देवी-देवताओं और दोनों नेताओं की आकृतियां

उत्सव के दौरान पीएम मोदी को 'भारत-वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई पतंग उड़ाते देखा गया। यह पतंग दुनिया को एक परिवार मानने की भारत की सोच को दर्शाती ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### 50 देशों के 135 काइटिस्ट ले रहे हिस्सा

इस साल के अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 में 50 देशों के 135 काइटिस्ट और लगभग 1,000 भारतीय पतंग प्रेमी हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव से पहले इन काइटिस्ट ने राजकोट, सूरत, धोलाविरा और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा कर दर्शकों का मनोरंजन किया। महोत्सव ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप


### वॉशरूम में 2 बार बेहोश हुए पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 जनवरी को वॉशरूम में दो बार बेहोश हो गए थे। इसके बाद सोमवार को उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 74 साल के धनखड़ का एमआरआई हुआ, और मंगलवार को दूसरे टेस्ट किए जाएंगे।



### सेंसेक्स 300 अंक उछला कमाए 1.22 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार 12 जनवरी को जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों उबरते हुए हरे निशान में बंद हुए। इसके साथ ही बाजार में पिछले 5 दिनों से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स, 302 अंक बढ़कर 83,878 के स्तर पर बंद हुआ।



### खुदरा महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 1.33% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** रसोई के जरूरी सामानों, खासकर सब्जियों और प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते दिसंबर 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह नवंबर में 0.71 प्रतिशत थी।



## संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने जवाब-तलब किया

# एससी/एसटी रिजर्वेशन के लिए क्रीमी लेयर हो, सीजेआई ने भेजा केंद्र-राज्य को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समय की मांग के साथ आरक्षण में भी बदलाव जरूरी है। संविधान बनाने वाले हमारे पूर्वजों ने पिछड़ी जातियों के मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण का प्रावधान लाया था। लेकिन, ये समाज की अंतिम कड़ी तक पहुंच नहीं पाया। समाज में कुछ खास लोग इसकी मलाई खाते रहते हैं और आरक्षण का फायदा लेते हैं। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट के पास इसमें बदलाव के लिए मांग उठी है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत के पास आरक्षण में बदलाव के लिए याचिका लगाई गई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के भीतर 'क्रीमी लेयर' सिद्धांत को लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों ▶▶ शेष पेज 6 पर

*दरअसल, एक पीआईएल में मांग उठाई गई है कि एससी और एसटी आरक्षण में क्रीम-लेयर लाया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके*

**कोर्ट ने कहा-इस पर व्यापक चर्चा और सभी राज्यों की राय आवश्यक**



वकील अश्विनी उपाध्याय ने तर्क दिया कि आरक्षण का उद्देश्य उन लोगों को मुख्यधारा में लाना है जो सदियों से हाशिए पर रहे हैं न कि उन लोगों को और अधिक संपन्न बनाना जो पहले से ही समाज के शीर्ष पदों पर आसीन हैं

### क्या है याचिका की मुख्य मांग?

वकील अश्विनी उपाध्याय ने शीर्ष अदालत के सामने तर्क दिया कि अब समय आ गया है जब एससी/एसटी आरक्षण के लाभों का वितरण अधिक न्यायपूर्ण तरीके से किया जाए। याचिका में उनकी मांग कुछ इस प्रकार है

**[1] संवैधानिक पदों पर बैठे लोग**
यदि किसी एससी/एसटी परिवार का सदस्य पहले से ही किसी संवैधानिक पद या वरिष्ठ सरकारी पद (जैसे क्लास-1 अधिकारी) पर पहुंच चुका है, तो उनके बच्चों को आरक्षण के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए।

**[2] समानता का सिद्धांत**
याचिकाकर्ता का कहना है कि संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण मिलना जारी रहने से उस वर्ग के सबसे पिछड़े और जरूरतमंद लोगों तक लाभ नहीं पहुंच पाता है।

### आरक्षण का मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा

सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान उपाध्याय ने दलील दी कि एससी/एसटी श्रेणियों के भीतर सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नत हो चुके परिवारों को निरंतर आरक्षण देना सकारात्मक कार्रवाई के मूल उद्देश्य को ही विफल ▶▶ शेष पेज 6 पर

**शीर्ष कोर्ट ने कहा-ये घिनौना**

### चलती ट्रेन में महिला की सीट पर जज ने कर दिया पेशाब

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के उस सिविल जज के आचरण और कृत्य पर गंभीर नाराजगी जताई, जिन पर आरोप है कि चलती ट्रेन में उन्होंने शराब पी और हंगामा किया। इतना ही नहीं आरोपी जज ने महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब भी किया। इन आरोपों पर शीर्ष अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सिविल जज का कथित व्यवहार न सिर्फ घिनौना है बल्कि चौंकाने वाला है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब आरोपी सिविल जज इंदौर से जबलपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने बिना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बताए छुट्टी ली और यात्रा के दौरान शराब पी। इसके बाद उन्होंने ट्रेन में हंगामा किया, यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से बदसलूकी की और टीटीई को उसके काम से रोका। सबसे गंभीर आरोप यह है कि उस जज ने एक महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब किया और अश्लील हरकत की। आरोपों में यह भी कहा गया है कि उन्होंने अपनी पहचान पत्र (जज का आईडी कार्ड) का गलत इस्तेमाल कर यात्रियों को धमकाया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी न्यायिक अधिकारी के लिए बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि हाई कोर्ट ने ऐसे गंभीर मामले ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पीएसएलवी-सी62/ ईओएस-एन1 मिशन विफल

# तीसरे स्टेज के अंत में ही रॉकेट मार्ग से भटक गया


पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया। इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया गया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस 3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका। इसरो के अनुसार मिशन के दौरान ▶▶ शेष पेज 6 पर


वी. नारायणन

- गड़बड़ी से 'अन्वेषा' उपग्रह कक्षा में नहीं पहुंच सका
- पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका

### इस साल का इसरो का यह पहला प्रक्षेपण

इसरो ने पहले बताया था कि 'अन्वेषा' एक अत्याधुनिक हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट है, जो जंगलों की गहराई से लेकर युद्ध के मैदान में छिपी बेहद सूक्ष्म वस्तुओं तक की पहचान करने में सक्षम है। यह उपग्रह पर्यावरण निगरानी, संसाधन मानचित्रण और सामरिक निगरानी के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमताओं को नई मजबूती प्रदान करने वाला था। हालांकि, मिशन की असफलता से इसरो और रक्षा प्रतिष्ठान ▶▶ शेष पेज 6 पर

## नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर हादसा

### सोहागपुर में पलटी तेज रफ्तार बस, 30 यात्री घायल, 12 गंभीर


बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस सोमवार को सोहागपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। लांघा की चीचली पुलिया के पास बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया, जिससे बस बेकाबू होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में ड्राइवर सहित 30 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 12 की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों ने कांच तोड़कर घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ▶▶ शेष पेज 6 पर

## नाम लखपति...काम रिश्वतखोरी

### सिंगरौली में तहसील का बाबू 3 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार


किसान से नामांतरण के बदले मांगी थी घूस

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की सरई तहसील के बाबू को रीवा लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू का नाम लखपति सिंह है, जिसने एक किसान से उसकी जमीन के नामांतरण के बदले मोटी रकम की मांग की थी। बाबू लखपति को आवेदक रामनारायण शाह से 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए टीम ने दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, पीड़ित रामनारायण शाह अपनी जमीन के नामांतरण के काम के लिए लंबे समय ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अच्छे आचरण पर होगी रिहाई

### गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के 87 कैदियों को मिलेगी 'आजादी'


जेल विभाग ने 481 कैदियों पर मंथन किया था

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 87 बंदियों को 26 जनवरी यानि गणतंत्र दिवस पर आजादी मिलेगी। जेल में रहते हुए उनके अच्छे आचरण को देख कर उन्हें रिहा करने का फैसला लिए गया है। इसे लेकर जेल विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। जेल विभाग ने 481 कैदियों पर मंथन किया था, लेकिन 394 बंदी समय से पहले रिहा के प्रावधानों पर अपात्र पाए गए। जिसके बाद सिर्फ 87 को जेल से छोड़ने पर मुहर लगी। जेल विभाग ने सभी कैदियों के नामों की लिस्ट भी जारी की ▶▶ शेष पेज 6 पर

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने से चलेगी

### इसमें कोई वीआईपी कोटा नहीं, मिलेगा लोकल फूड


इस ट्रेन में यात्रियों को केवल कन्फर्म टिकट

**नई दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत इस महीने के अंत तक गुवाहाटी और कोलकाता के बीच हो जाएगी। इससे उत्तर पूर्व और पूर्वी भारत के बीच अच्छी कनेक्टिविटी बनेगी। इस ट्रेन के रिजर्वेशन में कोई वीआईपी कोटा नहीं होगा। इसके अलावा इस ट्रेन में यात्रा करने वालों को स्थानीय भोजन मुहैया कराया जाएगा। सरकार भी इस ट्रेन की लांचिंग को खास बनाने में जुटी हुई है। यहां तक कि रेलवे के वरिष्ठ और सीनियर अधिकारी भी वंदे भारत स्लीपर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## जेपी नड्डा ने सीएम ममता बेनर्जी से की बात


# पश्चिम बंगाल में आए निपाह वायरस के दो मामले, केंद्र ने तैनात किया प्रतिक्रिया दल

**कई विभाग मिलकर करेंगे जांच**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के कम से कम दो मामले सामने आए हैं। केंद्र सरकार ने बीमारी की गंभीरता को देखते हुए राज्य में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए नेशनल ज्वाइंट ऑउटब्रेक रिस्पांस टीम को भेजा है।

मामले के सामने आने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी को पत्र लिखा और फोन किया और उन्हें केंद्र की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। इसी के साथ मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने भी इस मुद्दे पर बंगाल ▶▶ शेष पेज 6 पर


फाइल फोटो

### कैसे फैलता है यह वायरस?

निपाह एक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से चमगादड़, सूअर, कुत्ते और घोड़ों जैसे जानवरों से फैलता है। लेकिन संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने वाले मनुष्यों में भी यह फैल सकता है और गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। यह संक्रमण जानवर, आमतौर पर चमगादड़ के शारीरिक तरल पदार्थों ▶▶ शेष पेज 6 पर

## 9वां आम बजट : निर्मला सीतारमण मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के करीब

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने की औपचारिक घोषणा

# इस बार बजट संडे...1 फरवरी रविवार को पेश होगा आम बजट, संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय इतिहास में पहली बार रविवार के दिन केंद्रीय बजट पेश होगा। वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट इस बार रविवार को पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी।

आमतौर पर संसद की कार्यवाही सप्ताहांत पर नहीं होती है, ऐसे में रविवार के दिन बजट प्रस्तुत होना एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ी उपलब्धि होगा। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा।

***पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे***


फाइल फोटो

इसके साथ ही, वह देश के पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई की ओर से स्थापित सर्वाधिक बजट पेश करने के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे, और निर्मला सीतारमण अब उस ऐतिहासिक आंकड़े से महज एक कदम दूर ▶▶ शेष पेज 6 पर

***भारत के इतिहास का यह 80वां केंद्रीय बजट होगा***

### 28 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

संसद के बजट सत्र का पूरा शेड्यूल भी स्पष्ट कर दिया गया है। सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को होगी। राष्ट्रपति का अभिभाषणः सत्र का आगाज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगा। वह लोकसभा कक्ष में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षणः राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद, वित्त मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। फिर, बजट आएगा।

## कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता।

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta

transforming for good

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र बोले

# भारत में 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। यहां 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड हैं। साथ ही 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं, जिनका एक बिलियन डॉलर से अधिक का टर्नओवर है। युवाओं को 16 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही है। प्रमुख सचिव सिंह सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 2 दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवाचारों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां मप्र में लागू हैं। आज इंदौर में ही 2200 से अधिक स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं। अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर भारत ने आज नया मुकाम हासिल किया है। इसमें सभी कुशाग्र बुद्धिवाले युवाओं का बड़ा योगदान है। युवा साथियों के स्टार्ट-अप के प्रोत्साहन के लिए यह 2 दिवसीय आयोजन अद्भुत है।

### युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे सरकार मदद करेगी


स्टार्ट-अप्स समिट में सीएम ने पुरस्कार प्रदान किए।

प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। इंश्योरेंस देखो स्टार्ट-अप के फाउंडर एंड सीईओ युवा उद्यमी अंकित अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा उद्यमी देश की सभी समस्याओं को दूर करने पर ध्यान देता है। युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे, तो केंद्र और राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी।

### 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में

राज्य सरकार ने पिछले साल नई स्टार्ट-अप नीति लागू की है। मप्र स्टार्ट-अप सेक्टर में लीडर स्टेट है। राज्य सरकार नवाचारी सोच के साथ स्टार्ट-अप की संख्या 10 हजार तक पहुंचाना चाहती हैं। स्टार्ट-अप को फंड्स का ग्रांट और इंसेंटिव सब्सिडी दी जा रही है। मध्यप्रदेश में संचालित 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में है। हमारी महिलाएं भी अच्छी उद्यमी बन सकती हैं। प्रदेश के युवा आज नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमी बन रहे हैं। स्टार्ट-अप को इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

### मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ युवा उद्यमी कैटेगरी - इशिता मोदी वरुण रहेजा, तेजस जैन। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी कैटेगरी- राशि बहल मेहरा, डॉ. हिमांशा सिंह, उर्वशी पोरवाल। सर्वश्रेष्ठ ग्रोथ स्टार्ट-अप कैटेगरी में- आरिफ कुरैशी, सावन लड्ढा, आरती एवं गोविंद अग्रवाल। अर्ली स्टेट्स स्टार्ट-अप कैटेगरी- पुल्ला क्रजवानी, यश सेठिया, श्रुति गर्ग। बेस्ट इनोवेशन स्टार्ट-अप कैटेगरी- भरत कृतवानी, शुभम सिंह, प्रतीक वत्स, दीपेश श्रीवास्तव। बेस्ट रुरल स्टार्ट-अप कैटेगरी- वंदना मिश्रा, आशी बिथरे, डॉ. विशेष कासलीवाल। बेस्ट इंक्यूबेटर्स कैटेगरी- रोनॉल्ड फर्नांडिस, डॉ. आकाश राय, डॉ. क्रिस्ट पॉल, डॉ. अनुराग राय।

सफल उद्यमियों ने बताए अनुभव

### आईआईएफएम से पढ़ाई करने के 30 साल बाद भोपाल लौटे विनीत

आविष्कार ग्रुप स्टार्ट-अप के फाउंडर विनीत राय ने कहा कि वे आईआईएफएम से पढ़ाई करने के बाद 30 साल बाद भोपाल लौटे हैं। उन्होंने बताया कि 5000 रुपए से अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। उद्यम क्षेत्र में सफलता-असफलता मिलती ही रहती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सिर्फ पैसा बनाने के बारे में ही नहीं सोचना है, बल्कि अपने जीवन मूल्यों को भी हमेशा साथ रखना है। यही सफलता की कुंजी है। स्टार्ट-अप समिट में आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार, अंजु गुप्ता, अनुराग असाटी, आदित्य चौरसिया, डॉ. मयूर सेठी, महावीर प्रताप शर्मा, खुशवंत जैन, प्रदीप करमबेलकर, अर्चना जहांगीरदार सहित बड़ी संख्या में युवा उद्यमी उपस्थित थे।

#### इन्हें मिला हैकेथॉन अवॉर्ड

कोड इट कैटेगरी : विनर राहुल राय, रनर-अप जयेश टोटले। बिल्ड इट केटैगरीः विनर मुस्कान खरे, रनर-अप पलक रघुवंशी। शिप इट कैटेगरीः विनर डॉ. निलय शर्मा, रनर-अप सुनीता रघुवंशी।

## खबर संक्षेप

### गोहत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नजीर बनेगीः मंत्री सारंग

**भोपाल।** स्लॉटर हाउस में गौमांस से जुड़े मामले पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गौमांस या गौकशी के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चाहे व्यापारी हो या अधिकारी, यदि कोई भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस विषय में स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हैं। सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे मामलों में उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के अपराध को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रकरण में गौमाता की कटाई सिद्ध होती है, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि हत्या को गंभीर अपराध मानते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। मंत्री सारंग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों को कठोरतम दंड मिलना चाहिए, जिससे समाज में स्पष्ट संदेश जाए।

### स्व. सारंग की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना पर सर्वसमाज में आक्रोश

**भोपाल।** भाजपा के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक समरसता के प्रतीक स्व. कैलाश नारायण सारंग की प्रतिमा पर लगाए गए आवरण (कपड़े) को जलाए जाने एवं प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना को लेकर सर्वसमाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सोमवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त हरिनारायण मिश्रा से भेंट कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस कृत्य को समाज की भावनाओं को आहत करने वाला एवं कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला बताया तथा शीघ्र और सख्त कार्रवाई का आग्रह किया। पुलिस आयुक्त महोदय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाज ने एक स्वर में मांग की कि समाज में शांति, सौहार्द एवं सम्मान की भावना को ठेस पहुँचाने वाले ऐसे कृत्यों पर कठोर संदेश देने वाली कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सीएम ने कहा 12 से 26 तक मनेगा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान

# ग्राम और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी, इनकी मजबूती से ही देश मजबूत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हर तरफ विकास की बयार है। गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है। गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है। इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से हम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। डॉ यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने भी संबोधित किया।

### सीएम ने किया ग्राम विकास पखवाड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**खास बातें**

- समन्वति प्रयासों से ग्रामोदय से अभ्युदय का लक्ष्य प्राप्त करेंगे
- जनाभियान परिषद का योगदान अत्यंत सराहनीय


'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### विकासखंडों के दो-दो युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश में आयोजित किये जा रहे 'ग्राम विकास पखवाड़े' के 'राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम' का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस पखवाड़े में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों से प्रत्येक विकासखंड से आए 2-2 युवाओं को दो दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती से इस ग्राम विकास पखवाड़े का आयोजन प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार करेगा। गांव-गांव तक विकास की बात पहुंचेगी तभी हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश बनेगा।

### अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनअभियान परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से युवा साथी सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं। ये साथी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण एवं जल का संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर बल देकर जैविक कृषि एवं गौ-संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

वीबी-जी रामजी योजना में डबल रोजगार की व्यवस्था

# कांग्रेस ने हमेशा से महात्मा गांधी के नाम का किया राजनीतिक दुरुपयोग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान के माध्यम से गांवों और किसानों को सशक्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 को महिला सशक्तिकरण, वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया। अब वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम का हमेशा राजनीतिक दुरूपयोग किया है। कांग्रेस में सब नकली गांधी है, जिन्होंने सदैव गांधी जी के विचारों का दमन किया। डॉ यादव सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम का उपयोग करने वाली कांग्रेस भगवान राम विरोधी है। कांग्रेस का गांधी परिवार महात्मा गांधी के परिवार के उत्तराधिकारी बनने का ढोंग करते है। वीबी-जी रामजी योजना में भगवान श्रीराम का नाम जुड़ गया तो कांग्रेस विरोध पर उतर आई।

### वीबी-जी रामजी योजना एक ऐतिहासिक कदम

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, पंचायतों को जवाबदेह बनाने और गांवों में पारदर्शी विकास की व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं और संस्थानों के नाम एक ही परिवार तक सीमित कर दिए गए। पीएम मोदी ने गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए देशव्यापी स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर उसे जन-आंदोलन बनाया। गांधी की मंशा के अनुरूप पीएम ने खादी, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की भावना को पुनर्जीवित किया है। वीबी-जी रामजी योजना में श्रमिकों को पूर्व की योजना से डबल दिनों का रोजगार मिलने की व्यवस्था की गई है।*

### समय की आवश्यकता के अनुरूप बनाई योजना

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना वर्तमान समय की जरूरत के अनुरूप बनाई गई है। पहले गरीबों के शोषण करने वाली नीतियां बनती थीं। उनके नेतृत्व में मजदूरों के साथ सभी समाज वर्गके कल्याण के लिए योजना बन रहीं हैं। पार्टी कार्यकर्ता जनता को बताएं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वीबी-जी रामजी योजना बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता थी।

मध्यप्रदेश ने केवल 537 करोड़ 90 लाख रुपए का ही किया उपयोग

# आधे से ज्यादा कैंपा फंड का उपयोग नहीं कर सका वन विभाग, 1366 में से 829 करोड़ का इस्तेमाल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग मध्यप्रदेश में स्वीकृत कैंपा फंड की आधी से अधिक राशि का उपयोग नहीं पाया है। भारत सरकार ने मध्यप्रदेश को 1366 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि कैंपा फंड में आवंटित की है। इसमें से मध्यप्रदेश ने केवल 537 करोड़ 90 लाख रुपए का ही उपयोग किया है।

मध्यप्रदेश सरकार के वन विभाग ने भारत सरकार को कैंपा फंड में मध्यप्रदेश को 1478 करोड़ 38 लाख रुपए की वार्षिक कार्ययोजना बनाकर भेजी थी। जिसके विरुद्ध भारत सरकार ने 1443 करोड़ 63 लाख रुपए की कार्ययोजना मध्यप्रदेश के लिए स्वीकृत की थी। इसके तहत मध्यप्रदेश को केन्द्र सरकार ने कैंपा फंड में अलग-अलग बजट 1366 करोड़ 96 लाख रुपए आवंटित किए थे। इसमें से मध्यप्रदेश सरकार ने अब तक केवल 537 करोड़ 90 लाख रुपए का ही उपयोग किया है। अभी तक राज्य सरकार ने 829 करोड़ 6 लाख रुपए का उपयोग नहीं किया है।


प्रतीकात्मक चित्र

### इन कामों के लिए राशि

कैंपा फंड से मध्यप्रदेश में वनीकरण के लिए 8 हजार 706 हेक्टेयर क्षेत्र में वनीकरण की तैयारी की गई थी। कुल 4466 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण कार्य के साथ 31 हजार 62 हेक्टेर क्षेत्र में पिछले पिछले वर्षों के क्षतिपूर्ति रोपण का रखरखाव और एनपीवी के अंतर्गत 26 हजार 92 हेक्टेयर क्षेत्र में तैयारी कार्य तथा 44 हजार 655 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण के साथ साथ 183001 हेक्टेयर क्षेत्र में पिछले सालों के पौधरोपण कार्यों के रखरखाव का काम किया जा रहा है। चारागाह विकास अंतर्गत 20599 हेक्टैयर में कार्य किया जा रहा है।

### फंड से इन कामों को करना था आवश्यक

*वन्य जीव प्रबंधन जैसे काम-अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु वन रक्षक आवास, परिक्षेत्र सहायक आवास, परिक्षेत्र कार्यालय हेतु दो सौ भवन 37 करोड़ 32 लाख रुपए खर्च कर बनाए जा रहे है। कैंपा राशि में वन भूमि के बदले जमा की गई राशि से वनीकरण और वन संरक्षण तथा वन्य जीव प्रबंधन जैसे काम कराए जाते है ताकि वन भूमि के डायवर्जन की भरपाई की जा सके।*

## जल सुरक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए स्वच्छ जल अभियान के तहत नगरीय निकायों में व्यापक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जल सुरक्षा, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के उद्देश्य से स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से 10 जनवरी से किया गया है। अभियान के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों के व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान में नगर पालिक निगमों में कुल 1041 लीकेज सुधार कार्य, 222 टंकियों की साफ-सफाई और 696 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कराया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषदों में 341 लीकेज सुधार कार्य, 344 ओवर हेड टैंकों की सफाई तथा 368 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कार्य कराया गया है। नगर परिषदों में अब तक 339 लीकेज सुधार कार्य, 663 ओवर हेड टैंकों की सफाई तथा 1272 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 413 नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित जल प्रदाय योजनाओं में वार्ड स्तर पर कुल 14829 वाटर फील्ड टेस्ट कराए गए हैं। अभियान के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सतत और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

- सीएम ने किया स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ

# गाय पर जितनी मॉब लिंचिंग की राजनीति भाजपा ने की, किसी ने नहीं: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो।

जिन्ना को लेकर पटवारी ने कहा कि जिन्ना ने देश को तोड़ा था, कांग्रेस पार्टी उनका समर्थन नहीं करती और ऐसे लोगों का कोई सम्मान नहीं करती। पटवारी ने कहा कि इंदौर और भोपाल को स्मार्ट सिटी और स्वच्छ शहर का दर्जा मिला है, लेकिन हालात यह हैं कि दोनों शहरों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पहले जहरीली शराब से मौतें होती थीं, अब दूषित पानी से मौतें हो रही हैं।

इधर, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि मोहन यादव का इतिहास कमजोर है, जबकि भूगोल और जमीन के मामलों में वे मजबूत हैं। वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार भावनात्मक ब्लैकमेल करने के लिए राम के नाम का इस्तेमाल करती है और गांधी का नाम मिटाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के पास इतनी योजनाएं हैं तो उनके नाम राम के नाम पर रख दे, उन्हें राम के नाम से कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, भोपाल में नगर निगम भाजपा का है, जहां बड़ी मात्रा में गोमांस मिला। जब प्रदेश सरकार ने गोमांस पर टैक्स लगाया था, तब कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई थी। भाजपा गाय की हत्या भी करती है और उस पर शून्य% टैक्स भी लगाती है।

सशक्त भारत की दिशा में प्रदेश का बढ़ता कदम

# मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026 भोपाल में 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम 15 जनवरी को ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित 'मप्र रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' में एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए राज्य के रणनीतिक रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे।

कांफ्रेंस "एआई एनाबल्डेड गवर्नेंस फॉर एन ईएमपी पॉवर्ड भारत" की थीम पर आयोजित होगी। मप्र शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में आईआईटी इंदौर नॉलेज पार्टनर, आईआईटीआई-दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन प्रदर्शनी भागीदार के रूप में सहयोग करेंगे। इससे एआई आधारित शासन और प्रौद्योगिकी के लिए अकादमिक और उद्योग समन्वय सशक्त होगा। कांफ्रेंस में मप्र इनोवेशन एक्सपो का उद्घाटन किया जाएगा। इस एक्सपो में इंडिया एआई पवेलियन, मप्र पवेलियन, स्टार्टअप शोकेस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्टअप प्रतियोगिता शामिल होंगे। शुरूआती सत्र में अपर सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह, निदेशक आईआईटी इंदौर सुहास एस. जोशी संबोधित करेंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इम्पेक्ट पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत करेंगे।

युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने लगाए जा रहे हैं रोजगार मेले

# युवाओं के सपनों को साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़ेः सीएम

### मुख्यमंत्री ने सारंगपुर के युवा संगम रोजगार मेले को किया वर्चुअली संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है।

युवाओं को स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सारंगपुर जिला राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप साथ थे। सारंगपुर


वर्चुअली संबोधित करते सीएम

में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित क्षेत्रीय विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। राजगढ़ जिले के सारंगपुर में आयोजित इस मेले में शाजापुर, सीहोर, आगर-मालवा, देवास, भोपाल और गुना जिलों के युवा उम्मीदवार सहभागिता की। यह मेला प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

### रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों की ओर से 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है। मेले में शामिल 8 कंपनियां दिव्यांगजन को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं।

### रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मेले में जानकारी दी कि सारंगपुर में आयोजित 'युवा संगम रोजगार मेला' प्रदेश के रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 626 रोजगार मेले आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 1 लाख 2 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। मटेटवाल ने बताया कि सारंगपुर में आयोजित रोजगार मेले में पंजीयन कराने वाले लगभग 35 हजार युवाओं में से 10 हजार 112 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में टाटा, महिंद्रा, किर्लोस्कर, टेस्ला, आयशर, पेटीएम, प्रतिभा सिंटेक्स और मदरसन जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया।



आईएसबीटी परिसर में निगम कार्यालय के सामने करणी सेना ने सोमवार को महापौर का पुतला फूंका। फोटो : एमएम सिद्धीकी

## करणी सेना की चेतावनी- पांच दिन के अंदर गो-हत्यारों पर करें कड़ी कार्रवाई

# घंटों हंगामा, महापौर का पुतला फूंका, आयुक्त को बुलाने की मांग पर अड़े रहे, अपर आयुक्त को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के स्लॉटर हाउस में गायों का वध किए जाने और गोमांस मुंबई भेजे जाने के मामले को लेकर करणी सेना के बैनर तले निगम के आईएसबीटी मुख्यालय में दो घंटे से ज्यादा समय तक हंगामा हुआ। कार्यकर्ताओं ने पहले तो महापौर का पुतला फूंका और फिर ज्ञापन लेने आए नगर निगम के अपर आयुक्त मुकेश कुमार शर्मा को ज्ञापन देने के बाद कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन देने की बात कहने पर अढ गए। काफी देर तक वे कार्यकर्ताओं के बीच घिरे रहे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि आप आयुक्त को बुला लें या मोबाइल पर स्पीकर ऑन करके बात करा दें, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वे वहां से चल दिए। इस दौरान उनके पीछे कार्यकर्ताओं का हुजूम निगम आयुक्त के कार्यालय तक पहुंच गया। जहां निगम आयुक्त से मोबाइल पर चर्चा करवाने के बाद मामला शांत हुआ।

दोपहर करीब साढ़े तीन बजे करणी सेना परिवार और अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाभियान समिति के कार्यकर्ता निगम के आईएसबीटी मुख्यालय के सामने एकत्र हो गए थे। इसकी सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। यहां महापौर और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और असलम चमड़ा को फांसी दिए जाने और दोषियों पर कार्रवाई किए जाने के नारे लगाए।

## *भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी*

### पुलिस ने किया पुतला छीनने का प्रयास

कार्यकर्ताओं ने शाम करीब चार बजे महापौर का पुतला फूंका। पुतले पर बाकायदा महापौर के साथ कई अन्य लोगों का पोस्टर चस्पा था। पुलिस ने इसे छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने पानी का छिड़काव भी किया। पुतला दहन के दौरान आसपास धुआं फैल गया।

### अपर आयुक्त कार्यकताओं से घिरे

नगर निगम के अपर आयुक्त मुकेश शर्मा पुतला दहन के बाद मौके पर ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन कार्यकर्ताओं को वे संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाए तो कार्यकर्ता निगम आयुक्त को बुलाने की मांग पर अड़ गए। अपर आयुक्त का कहना था कि वे आयुक्त को उनका मांग पत्र देंगे।

### अपर आयुक्त से वापस लिया ज्ञापन

*काफी देर तक अपर आयुक्त और कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा के बाद जब बात नहीं बनी तो एक कार्यकर्ता ने यह कहते हुए अपर आयुक्त के हाथ से ज्ञापन ले लिया कि इसे कागज का टुकड़ा मत समझिए, कार्रवाई कितने दिन में करेंगे यह बताएं, नहीं तो हम निगम मुख्यालय में ताला जड़ देंगे।*

## *'चमड़ा' को फांसी समेत अन्य दोषियों पर कार्रवाई की मांग*



निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करते करणी सेना के कार्यकर्ता।

### हनुमान चालीसा पाठ करने बैठे कार्यकर्ता

निगम आयुक्त से मिलने गए कार्यकर्ताओं को जिन्हें पुलिस ने बाहर गेट पर ही रोक दिया था वे वहीं बैठ गए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। निगम आयुक्त से मोबाइल पर बातचीत करने जब कार्यकर्ता लौटे तक वे गेट से हटे।

### कार्रवाई नहीं तो निगम मुख्यालय में ताला जड़ देंगे

करणी सेना के जिला प्रमुख अजीत सिंह व अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाभियान समिति के पंडित गौरव मिश्रा ने बताया कि निगम आयुक्त से उनकी चर्चा हुई। पांच दिन में कार्रवाई करने की हमने अपनी मांग रखी है और चेतावनी दी है कि अगर पांच दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो निगम मुख्यालय में ताला लगा देंगे।

### कार्रवाई की मांग कर रहे थे कार्यकर्ता

जिला प्रमुख अजीत सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित कत्लखाने में हुई गौ हत्या के लिए जिम्मेदार नगर निगम महापौर सहित, आयुक्त, वेटनरी शाखा के अपर आयुक्त हर्षित तिवारी, वेटनरी डॉक्टर बेनी प्रसाद गौर, ठेकेदार असलम चमड़ा और कत्लखाने में काम करने वाले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाए और दोषियों पर निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की जाए।

## *निगम परिषद की बैठक में आज गोकशी पर जमकर होगा हंगामा*

नगर निगम परिषद की मंगलवार को होने वाली बैठक में हंगामेदार रहेगी। गोकशी और पानी के मुद्दे पर विपक्ष एजेंडे से पहले चर्चा करने की पूरी तैयारी में है जबकि भाजपा और कांग्रेस के पाषर्दों ने स्लाटर मामले पर चर्चा की रणनीति तय कर ली है। स्लाटर हाउस में गोकशी के मामले को लेकर सोमवार शाम हुई बैठकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षदों ने इस मुद्दे पर प्रशासन को घेरने की संयुक्त रणनीति तैयार की है। हंगामे के बीच परिषद की बैठक में एजेंडे में शामिल तीन प्रस्ताव पर चर्चा होना है। इनमें 829 कालोनियों में बल्क की जगह व्यक्तिगत नल कनेक्शन, अमृत 2.0 योजना के लिए 200 करोड़ जुटाने के लिए बांड जारी करना व विवाह पंजीयन शुल्क कम करने का प्रस्ताव है।

## *निगम आयुक्त के कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ता*

अपर आयुक्त के पीछे करणी सेना के कार्यकर्ता निगम आयुक्त के कार्यालय पहुंचे, जहां निगम आयुक्त से कार्यकर्ताओं की मोबाइल पर बात करवाई तब जाकर कार्यकर्ता शांत हुए।




करणी सेना के प्रदर्शन का दृश्य।

## राजधानी में मकर संक्रांति के अवसर पर रहेगा अवकाश

**भोपाल।** राजधानी में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर अवकाश रहेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के प्रस्ताव को सामान्य प्रशासन विभाग ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा अनंत चतुर्दशी, महानवमी और भोपाल गैस त्रासदी पर भी छुट्टी रहेगी। साल में चार सामान्य अवकाश रहेंगे। स्थानीय अवकाश से 30 हजार से ज्यादा सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। मकर संक्रांति के अलावा 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर को महानवमी और भोपाल गैस त्रासदी बरसी दिवस (केवल भोपाल शहर के लिए) पर 3 दिसंबर को भी स्थानीय अवकाश रहेगा।

- प्रस्ताव को सामान्य प्रशासन विभाग ने दी मंजूरी




## छह दिन पहले नलकूप के पानी में बैक्टिरिया निकलने की हो चुकी है पुष्टि

# वाजपेयी नगर में संक्रमण का खतरा, सड़कों पर सीवेज और गंदे पानी में डूबे वॉल्व चेंबर

रहवासियों ने कहा- दो दिन से पानी आ रहा है साफ, वरना मिल रहा था बेहद बदबूदार पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि लाइव

पुराने शहर के ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर की बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले 4 हजार से ज्यादा परिवारों पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। यहां रोड पर सीवेज बीते कई माह से बह रहा है। वॉल्व चैंबर सीवेज के गंदे पानी में डूबे हैं। सोमवार को हरिभूमि की टीम जब मौके पर व्यवस्थाएं देखने पहुंची तो वॉल्व चैंबर सीवेज के पानी में डूबे मिले। इनके आसपास गंदगी इतनी थी कि खड़े होना तक मुश्किल है। ऐसे स्थिति में ही लोग यहां जीवनयापन कर रहे हैं।

वाजपेयी नगर की मल्टी में चार हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं। आबादी दस हजार से ज्यादा है, लेकिन जल प्रदाय व्यवस्था और सीवेज नेटवर्क सिस्टम में कमियां हैं, जिनको देखने वाला तक कोई नहीं। जहां वॉल्व चैंबर बने हैं। छह दिन पूर्व यहां से लिए गए पानी के सैंपल में बैक्टिरिया निकलने की पुष्टि होने के बाद केवल एक ही जगह सफाई करने दो कर्मचारी पहुंचे, लेकिन अब भी मल्टी के आसपास गंदगी, कीचड़ और गाद जमा है, जिसकी बदबू से लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो रहा है।



वाजपेयी नगर में गंदगी और अव्यवस्था का नजारा।

### सड़कों पर सीवेज का बहाव रोका जाए, फैलेगी बीमारियां

रहवासियों ने बताया कि बीते दो-तीन दिन से पानी साफ आ रहा है। इससे पहले ऐसा पानी आता था कि घर में ही बदबू के कारण खड़े होना मुश्किल था। पानी के वॉल्व अब भी गंदगी में डूबे हैं और सीवेज सड़कों पर बह रहा है। ऐसे में यहां बीमारियां फैलेंगी।

### क्या कहते हैं लोग

#### गंदगी बरकरार

दो तीन से घर में साफ पानी आ रहा है, लेकिन गंदगी बरकरार



बीते दो-तीन दिन से साफ पानी आ रहा है। इससे पहले तो इतना गंदा और बदबूदार पानी आता था कि घर में ही रहना मुश्किल हो जाता था। पानी के वाल्व तो अब भी गंदे पानी में डूबे हैं। सडक पर सीवेज बह रहा है। इससे संक्रमण फैलेगा। यहां सफाई का इंतजाम होना चाहिए।

**कमल मेहरा, रहवासी**

#### नए सिरे से पानी की लाइनें बिछें

वाजपेयी नगर में नए सिरे से पानी सप्लाई की लाइनें बिछाई जाएं और सीवेज



सिस्टम को सुधारा जाए। गलियों और सड़कों पर फैली गंदगी और बदबू से लोगों की सेहत पर असर पड़ता है। लोग गंदे पानी के बीच से होकर गुजरते हैं। निगम प्रशासन को इस समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए।

**सनी ठाकुर, स्थानीय रहवासी**

#### निगम को कार्य योजना बनानी चाहिए

पानी हो या सीवेज की समस्या। इसे लेकर निगम प्रशासन द्वारा गंभीरता से



कोई कदम नहीं उठाया जाता। वाजपेयी नगर में जगह-जगह कचरा बिखरा है। सड़क पर ही सीवेज बह रहा है। वॉल्व चैंबर पानी में डूबे हैं। इसके लिए नगर निगम को कार्य योजना बनानी चाहिए।

**सूरज मालवीय, स्थानीय रहवासी**

#### बदबू के कारण घर में रहना मुश्किल

क्षेत्र में पीने का पानी तो अब पहले से ठीक आ रहा है, लेकिन गंदगी की समस्या



बहुत है। कीचड़ और गंदगी से गली पटी हुई है। घर में सुकून से बैठ भी नहीं सकते। दिनभर वातावरण दूषित रहता है। क्षेत्र में वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुधारने के अलावा सीवेज नेटवर्क को सुधारने की जरूरत है।

**विकास गाटे, स्थानीय रहवासी**

## *प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा, कहा-शुद्ध पेयजल दिलाने तक जारी रहेगा संघर्ष*

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड-25 के बाणगंगा क्षेत्र सहित अन्य वार्डों में दूषित पानी की समस्या वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस बीच वे रोड पर भरे गंदे पानी के बीच से होकर लोगों के बीच पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल दुखद मृत्यु की घटना पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में प्रत्येक वार्ड में "वॉटर ऑडिट" कराने का निर्णय लिया गया है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबीस्ता ज़की, मनोज शुक्ला, अनोखी मानसिंह पटेल, रविंद्र साहू, नरेश ज्ञानचंदानी, राजकुमार सिंह, अभिषेक शर्मा, अशोक मारण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।



वार्ड 25 का दौरा करते जीतू पटवारी।

## *वाटर सप्लाई लाइन में निकला मरा चूहा पटवारी ने अफसरों को कराया अवगत*

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के औचक निरीक्षण के दौरान शहर के जोन-17 की कई कॉलोनियों में पानी सप्लाई की चौंकाने वाली हकीकत सामने आई है। गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायत की जांच के लिए जब पाइपलाइन खोलकर देखा गया तो इसके अंदर से मरा हुआ चूहा निकला। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के साथ दुपहिया वाहन से औचक निरीक्षण करने पहुंचे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने विवेकानंद कॉलोनी के सघन रहवासी इलाके का निरीक्षण किया। जीतू पटवारी ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो कॉल कर नगर निगम के अधिकारियों को लाइव तस्वीर दिखाई।



वार्ड 25 का दौरा करते जीतू पटवारी।



## खबर संक्षेप

### सैमसंग सीईएस में सी-लैब स्टार्टअप्स प्रदर्शित

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने घोषणा की कि वह सीईएस 2026-दुनिया की सबसे बड़ी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी प्रदर्शनी में अपने सी-लैब कार्यक्रम के समर्थन वाले नए प्रोजेक्ट्स और स्टार्टअप्स को प्रदर्शित करेगा। इन स्टार्टअप्स के नवाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और डिजिटल हेल्थ जैसे क्षेत्रों में हैं। सीईएस 2026 में सैमसंग एक समर्पित सी-लैब एग्जीबिशन जोन संचालित करेगा, जो वेनेशियन एक्सपो के यूरेका पार्क में स्थित होगा।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का समापन

**भोपाल।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का भव्य समापन हुआ, जिसने गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में फैशन अनुभवों के नए मानक स्थापित किए। 'द वन एंड ओनली' थीम के मंच के साथ इस टूर ने भविष्य के फैशन की झलक पेश की और तीन अलग-अलग, लेकिन बेहद प्रभावशाली कहानियों को सामने रखा। इन प्रस्तुतियों ने यह दिखाया कि फैशन को कैसे देखा, महसूस किया और कल्पना की जा सकती है। हर शहर में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को नई दिशा दी।

### चंदन हेल्थकेयर की जीना सीखो के साथ साझेदारी

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड ने जीना सीखो लाइफकेयर लिमिटेड के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत पंजाब के चंडीगढ़ स्थित डेराबस्सी में डायग्नोस्टिक सेवाओं की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही कंपनी ने औपचारिक रूप से पंजाब राज्य में प्रवेश किया है। यह शुरुआत क्षेत्र में जीना सीखो लाइफकेयर द्वारा संचालित एक बड़े एकीकृत अस्पताल परिसर में सफल ट्रायल रन के बाद की गई है। इस समझौते के तहत जीना सीखो के अन्य केंद्रों पर भी चरणबद्ध तरीके से डायग्नोस्टिक सेवाएं शुरू की जाएंगी।

### ढाकुरिया ने किया हृदय सर्जरी से सफल इलाज

**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप की इकाई मणिपाल अस्पताल ढाकुरिया ने खड़गपुर के 41 वर्षीय व्यवसायी अरिंदम सेन (नाम परिवर्तित) का सफल इलाज किया, जिन्हें जन्मजात गंभीर हृदय वाल्व रोग का पता चला था। उनका उपचार डॉ. कौशिक मुखर्जी, कंसल्टेंट - कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, मणिपाल अस्पताल ढाकुरिया की विशेषज्ञ देखरेख में किया गया। यह मामला एक दुर्लभ और अत्यंत उच्च जोखिम वाली एयरवे समस्या के कारण विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण था।

### मैरिंगो ने दिया टीटीवीआर प्रक्रिया को अंजाम

**अहमदाबाद।** मेडिकल साइंस और ह्युमानिटी के अद्भुत संगम की मिसाल पेश करते हुए मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने गुजरात में पहली बार ट्रांसकैथेटर ट्राइकस्पिड वाल्व रिप्लेसमेंट (टीटीवीआर) प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा इतिहास रच दिया है। यह एडवांस्ड और लाईफ सेविंग प्रोसेस 61 वर्षीय महिला पेशन्ट पर की गई, जिनके जीवन में पहले ही तीन बड़ी हार्ट सर्जरी हो चुकी थीं और जिनके लिए ट्रेडिशनल ओपन-हार्ट सर्जरी अब संभव नहीं रह गई थी।

### एसआईसी में युवाओं को मिली सपनों की उड़ान

**हैदराबाद।** सैमसंग ने महत्वाकांक्षी कौशल विकास अभियान 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' (एसआईसी) के माध्यम से देश के युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद स्थित एनएसआईसी टेक्निकल सर्विस सेंटर में आयोजित एक गरिमापूर्ण दीक्षांत समारोह के दौरान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में महारथ हासिल करने वाले 450 मेधावी छात्रों को समारोहपूर्वक प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

---

## मकर संक्रांति कल, गुड़ तिल,शक्कर की निकली मांग

# राजधानी में 100 टन गुड़, डेढ़ सौ टन तिल और 12 से 15 ट्रक शक्कर की प्रतिदिन बिक्री हो रही

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाई जाएगी। इसके पूर्व राजधानी के बाजारों में गुड़ और तिल की मांग काफी बढ़ गई है। बाजार जानकारों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस बार मकर संक्रांति गुड़,तिल सहित शक्कर के दाम नीचे हैं।

गुड़, तिल सहित शक्कर में शहरी और देशावरी दोनों ही प्रकार की ग्राहकी अच्छी होने से राजधानी भोपाल में गुड़ की 100 टन,तिल की सौ से डेढ़ सौ टन और शक्कर की 12 से 15 ट्रक रोजाना की खपत हो रही है। बाजार जानकार रमाकांत तिवारी ने बताया कि स्थानीय थोक बाजार जुमेराती, हनुमानगंज, आजाद मार्केट में गुड़ की दाम बीते साल की अपेक्षा 20 रुपए किलो कम है। गत वर्ष गुड़ मंडी में 60 से 65 रुपए किलो के भाव था जो वर्तमान में 35 से 40 रुपए किलो है। इसकी आवक उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से हो रही है। वहीं तिल जो बीते साल 240 से 280 रुपए किलो रहा, वह 130 से 140 रुपए किलो है इसकी आवक मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, छिंदवाड़ा, बैतूल सहित मालवा क्षेत्र से हो रही है। जबकि शक्कर की आवक 15 से 16 गाड़ी रोजाना की है। स्थानीय थोक बाजार में शक्कर 40 से 41 रुपए किलो है। जो बीते साल 45 से 46 रुपए किलोग्राम के भाव थी। बाजार जानकारों के अनुसार मांग बढ़ने के बावजूद कीमतें काफी स्थिर बनी हुई हैं।

**बीते साल की तुलना में इस बार कीमतों में गिरावट**



गुड़-तिल



तिल के लड्डू

### विभिन्न तरह के तिलकुट से सजे शहर के बाजार

*आगामी 14 जनवरी को लेकर भोपाल के विभिन्न क्षेत्र के लगभग सभी बाजार तिलकुट की दुकान सज गए है, वहीं आजाद मार्केट में तिलकुट की दर्जनों दुकानें ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। बाजार में कटोरी तिलकुट, अनारकली गुड का तिलकुट, गुड़ का चापड़ी तिलकुट, चापड़ी चीनी का स्पेशल तिलकुट, स्पेशल तिलकुट, काला तिल का लड्डू लोगों के खूब मन भा रहा है।*

---

## चेंबर चुनाव: अंतिम उम्मीदवारों के सूची का प्रकाशन 17 जनवरी को होगा

# अध्यक्ष के 4, उपाध्यक्ष के 9 और कार्यकारिणी सदस्यों के 44 फॉर्म सहित 75 नामांकन जमा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव वर्ष 2026-29 के प्रथम चरण नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया के तहत 3 दिन में कुल 75 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से अध्यक्ष पद के लिए 4, उपाध्यक्ष के लिए 9, महामंत्री के लिए 3, मंत्री के लिए 9, कोषाध्यक्ष के लिए, सह-कोषाध्यक्ष के लिए 3, अतिरिक्त-कोषाध्यक्ष के लिए 2 फॉर्म सहित 44 कार्यकारिणी पद के नामांकन जमा हुए।

निर्वाचन कार्यवाही के डॉ. पीसी कोठारी (पर्यवेक्षक) ने बताया कि नामांकन प्राप्त होने के उपरांत आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। उसके उपरांत 14 से 16 जनवरी 2026 को नाम वापसी का समय निर्धारित है। अंतिम उम्मीदवारों के सूची का प्रकाशन 17 जनवरी को किया जाएगा। 1 फरवरी 2026 को मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, श्यामला हिल्स, भोपाल में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान और 2 फरवरी 2026 को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी जो परिणाम घोषित होने तक चलेगी।





नामांकन दाखिल

**इन लोगों ने दाखिल किया नामांकन फॉर्म**

▶▶ **अध्यक्ष पद के लिए** -तेजकुलपाल सिंह पाली, गोविंद्र गोयल, आकाश गोयल, कमल पंजवानी

▶▶ **उपाध्यक्ष पद के लिए-** प्रदीप कुमार अग्रवाल (वीनस), आदित्य जैन मनयां, अरविंद जैन सुपारी, कमल पंजवानी,अजय देवनानी, ललित तांतेड़, सुनील सिंघई, अमित गोयल, हरीश ज्ञानचंदानी

▶▶ **महामंत्री पद के लिए-** कृष्ण कुमार बांगड, विनोद जैन एमपीटी, लालित तांतेड़

▶▶ **मंत्री पद के लिए-** अमित कुमार जैन टडैया, अजय देवनानी, मनोज सक्सेना, संजीव जैन, रोहित जैन, शैलेन्द्र जैन, शैलेश प्रधान, अमित गोयल, प्रदीप सेवानी, सुनील जैन जैनाविन

▶▶ **कोषाध्यक्ष पद के लिए-**प्रदीप सेवानी, घनश्याम थारानी,

▶▶ **सह कोषाध्यक्ष के लिए-** गोपाल सोनी, हेमंत अग्रवाल, अमित कुमार बिंदल

▶▶ **अतिरिक्त कोषाध्यक्ष के लिए-** अजय गुप्ता, अमित कुमार बिंदल

▶▶ **कार्यकारिणी सदस्य के लिए** - दीपक दुबे, राजेश गुप्ता, अमित जैन सीएस, कृष्ण गोपाल मुखरैया, मनोज कुमार साही, राजीव साहू, कमल भंडारी, सचिन जैन सच्चु, सुशील वाफना, ईश कुमार डग़, आयुष मोदी, मनोज नागरानी, वेंकटेश गोयल, महेन्द्र गोधा, अशोक छाबडिया, तेजेंद्र चावला, मोहनलाल अग्रवाल , राजेन्द्र जैन , दर्शन गर्ग, नवीन अग्रवाल, सचिन संगतानी, अनिल मिश्रा, अखिलेश मित्तल, वासात्सायन जैन , भरत गुप्ता, दिलीप खंडेवाल,सुनील जैन जैनाविन, अदित्य सिंघई, दिनेश बत्रा, सुनील पंजाबी, सुधीर माने, रामेश्वर अग्रवाल, विजय वाधवानी, सुमित गर्ग दीपाली, रोहित जैन, विकास जैन गोधा, सुलभ मित्तल, जवाहर कोटवानी, अनिल कुमार चुग, देवेंद्र त्रिगुणायक, स्मिथ जैन और अभिषेक जैन ने नामांकन फॉर्म जमा किए।

### पाली समर्थित प्रगतिशील पैनल के उम्मीदवार

*अध्यक्ष पद -तेजकुलपाल सिंह पाली, कमल पंजवानी, उपाध्यक्ष-प्रदीप कुमार अग्रवाल (वीनस), कमल पंजवानी, ललित तांतेड़, सुनील सिंघई, हरीश ज्ञानचंदानी, महामंत्री पद -लालित तांतेड़,विनोद जैन एमपीटी,मंत्री पद के लिए- अमित कुमार जैन टडैया,मनोज सक्सेना,रोहित जैन, शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष पद-घनश्याम थारानी, सहकोषाध्यक्ष पद -गोपाल सोनी, अतिरिक्त अतिरिक्त कोषाध्यक्ष पद अजय गुप्ता शामिल हैं। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के लिए कृष्ण गोपाल मुखरैया,सुशील वाफना,ईश कुमार डग़, आयुष मोदी, मनोज नागरानी,महेन्द्र गोधा, अशोक छाबडिय़ा, मोहनलाल अग्रवाल (ओमटेक्स), राजेन्द्र जैन (टीआई), दर्शन गर्ग, नवीन अग्रवाल, सचिन संगतानी, दिलीप खंडेवाल, दिनेश बत्रा, सुनील पंजाबी, सुधीर माने, रामेश्वर अग्रवाल, विजय वाधवानी, रोहित जैन, विकास जैन गोधा, अनिल कुमार चुग, देवेंद्र त्रिगुणायक, स्मिथ जैन और अभिषेक जैन ने प्रगतिशील के बैनर तले नामांकन फॉर्म दाखिल कर चेंबर चुनाव में उम्मीदवारी जताई है।*

### बंधन म्यूचुअल फंड के दो ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स लांच

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन गोल्ड ईटीएफ एफओएफ और बंधन सिल्वर ईटीएफ एफओएफ लांच करने की घोषणा की है, ये दो ओपन-एंडेड स्कीम हैं जिन्हें निवेशकों को पारदर्शी और किफायती तरीका प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नए फंड ऑफर सोमवार को खुला और 20 जनवरी को बंद होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि

**हैथवे डिजिटल लिमिटेड**

(डिजिटल केबल टीवी)

का हमारा टोल फ्री नंबर 20 जनवरी 2026 से बदल दिया जाएगा।

नया ग्राहक सेवा नंबरः

**1800 891 2490**

hathw@y

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

प्रथम तल, ऑफिस काम्पलेक्स, ब्लॉक-सी, गौतम नगर, भोपाल-462023

**इंडियन बैंक हिंदी भवन शाखा, भोपाल में तकनीकी और सॉफ्टवेयर सहायता सहित आउटडोर टाइप पी4- एलईडी वीडियो वॉल डिस्प्ले का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।**

इंडियन बैंक हिंदी भवन शाखा, भोपाल में योग्य विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से तकनीकी बोली/वित्तीय बोली प्रणाली के तहत एलईडी आउटडोर डिस्प्ले की आपूर्ति के लिए आमंत्रित करता है।

विवरण बैंक के अंचल कार्यालय, ऑफिस काम्पलेक्स, सी ब्लॉक, पहली मंजिल, गौतम नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462023 से प्राप्त किया जा सकता है या हमारी वेबसाइट www.indianbank.bank.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र दो भागों (तकनीकी और वित्तीय बोली) में अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में जमा करने की अंतिम तिथि 04 फरवरी 2026, दोपहर 3:00 बजे है। बैंक बिना किसी कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक: 12 जनवरी 2026, उप महाप्रबंधक

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जल प्रदाय शाखा पचमढ़ी जिला होशंगाबाद (म.प्र.)**

क्रं./ 08/ प्र.ज.प./ 2026 **निविदा पत्र आंमत्रण सूचना** पचमढ़ी दिनांक -07/01/2026

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण जल प्रदाय शाखा पचमढ़ी के लिये निम्न लिखित सबमर्सिवल पम्प सेट लूबी / टेक्समो/किर्लोस्कर/कलामा व अन्य समकक्ष कम्पनी के 05 स्टार रेटिंग की क्रय करना चाहता है। पम्प सेट की दरे निमार्ता/सप्लायर अधिकृत विक्रेता लेटर हेड पर बन्द लिफाफे में दिनांक 15/01/2026 को दोपहर 03:00 (तीन बजे तक) इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

**विवरण** :-

01. 05 H.P. 8 STAGE 2" DIA DELEVERY 101-40 Mtr HEAD 60-270 L.P.M. DISCHARGE (02 नग)

02. 7-5 H.P. 8 STAGE 2-5 DIA DELEVERY 117-31 Mtr HEAD 60-270 L.P.M. DISCHARGE (03 नग)

निविदा से संबधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**साडा, पचमढ़ी**

---

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर में मान पनु की लाइव परफॉर्मेंस पर जमकर झूमे युवा




**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का प्रांगण हजारों युवाओं के जोश, जुनून और जज्बे का साक्षी बन रहा था। मंच था मानसरोवर के युवा महोत्सव का जहां मान पनु और द नाइनटीन बैंड की परफॉर्मेंस पर हजारों युवा झूमते नाचते नजर आए। इससे पहले दो दिवसीय युवा महोत्सव का आगाज युवा कवि संवाद कार्यक्रम के साथ हुआ जहां देश के नामचीन कवियों ने युवा शक्ति को देश की पौराणिक हस्तियों और महान व्यक्तित्वों से कराया। वहीं मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंच से हजारों युवाओं का उत्साहवर्धन किया। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने आराध्य श्री हनुमान जी के श्लोक के साथ सभी अतिथियों का मानसरोवर प्रांगण में स्वागत किया। कार्यक्रम में मानसरोवर समूह की सीएमडी मंजुला तिवारी, डायरेक्टर दिशा तिवारी, प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरू डॉ. ए.एस. यादव, प्रति कुलगुरू कर्नल एचआर रुहिल, आयुर्वेद डायरेक्टर डॉ. बाबुल ताम्रकार सहित तीनों आयुर्वेद कॉलेजों के प्राचार्य, सभी संकाय के डीन-प्राचार्य और अन्य एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ सहित भारी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### युवा दिवस पर राधारमण ग्रुप में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन



**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' के अंतर्गत एक उत्साहपूर्ण मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता कर ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच, मध्य क्षेत्र के संगठनकर्ता एवं युवा आयाम के प्रमुख केशव दुबौलिया उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं डीन डॉ.संजीव शर्मा ने उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, अनुशासन का पालन करने तथा आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लहरी सहित समूह के समस्त डायरेक्टर्स, फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने बेचीं 18,001 कारें



**गुरूग्राम।** बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने एक बार फिर से कारों की अब तक की अधिकतम सालाना बिक्री के साथ कारोबार के डायनामिक माहौल में लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स प्रदर्शित किया है। कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 18,001 कारें बेचीं और इस दृष्टि से सालाना 14 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की है। इस अवधि के दौरान बीएमडब्ल्यू के पास 17,721 यूनिट्स और मिनी के पास 730 यूनिट्स डिलीवर हैं। वहीं बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने 5,841 मोटरसाइकल कारों की लॉन्चिंग की। 2025 में हर महीनेऔर हर तिमाही में अब तक की अधिकतम सेल्स परफोर्मेन्स देखने कोमिली, तिमाही की ग्रोथ रेट भारत में एवरेज लक्जरी सेगमेन्ट से अधिक रही।

### महर्षि महेश योगी का जन्म दिवस ज्ञान युग दिवस के रूप में मना



**भोपाल।** भारत के महान सपूत एवं महान संत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चेतना वैज्ञानिक तथा भावातीत ध्यान के प्रणेता परम पूज्य महर्षि महेश योगी का 109वां जन्मदिवस ज्ञान युग दिवस के रूप में सोमवार को भारत सहित अनेक देशों में धूमधाम से मनाया गया।अनंत श्रीविभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से मुख्य समारोह भोपाल के स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम स्थित महर्षि उत्सव भवन में आयोजित हुआ और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं महर्षि संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश विशेष रूप से उपस्थित रहें। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने महर्षि संस्थान को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मेंसेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा, सुप्रसिद्ध मिसाइल वैज्ञानिक एवं डीआरडीओ के डॉ. सुधीर मिश्रा, भारत सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय के सलाहकार डॉ. निलोय खरे, चेतना विज्ञान के विशेषज्ञ एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विवि के पूर्व कुलगुरु प्रो. भुवनेश शर्मा, सुप्रसिद्ध शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के प्रो. चेतन सिंह सोलंकी एवं ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस नई दिल्ली की प्राध्यापक उमा कुमार आदि ने अपने विचारों को साझा किया और करेंगे।

### वीआईटी कैंपस में हार्वेस्ट फेस्टिवल समारोह

**भोपाल।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल का परिसर रंगों, संगीत और सामूहिक उत्साह से जीवंत हो उठा, जब विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक भवन के सभागार में पोंगल, लोहड़ी, संक्रांति और बिहू सहित विभिन्न भारतीय कटाई उत्सवों (हार्वेस्ट फेस्टिवल) का जश्न मनाया। नए साल और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ, यह उत्सव परिसर में लौटती रौनक, छात्रों के पुनर्मिलन और सांस्कृतिक मेल-जोल का प्रतीक बना। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टीबी श्रीधरन, डीन, निदेशक, संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय ने समाज में उनके योगदान के सम्मान में सीहोर, मध्य प्रदेश के स्थानीय किसानों को सम्मानित किया। प्रो-वाइस चांसलर और छात्र कल्याण निदेशक (डीएसडब्ल्यू) ने भी सभा को संबोधित किया और समावेशिता, सहानुभूति और एक मजबूत परिसर समुदाय को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक परंपराओं की भूमिका पर जोर दिया।

### कोका-कोला भारत लाया फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप की ओरिजनल ट्रॉफी फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर बाय कोका कोला के तहत भारत पहुंच गई है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले, यह ट्रॉफी 12 सालों के लंबे इंतजार के बाद भारत आई है। कोका-कोला ने फुटबॉल के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंध को जारी रखा है और कंपनी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रतीकों में से एक को भारतीय प्रशंसकों के करीब ला रही है।इस टूर की शुरुआत फीफा चार्टर लैंडिंग से हुई। अनावरण समारोह में युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया; पूर्व ब्राजीलियाई विश्व कप विजेता खिलाड़ी, फीफा लीजेंड गिल्बर्टो डी सिल्वा, खेल इतिहासकार और लेखक, बोरिया मजुमदार; और कोका-कोला के नेतृत्व से संकेत रे, प्रेसिडेंट, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया, ग्रिश्मा सिंह, उपाध्यक्ष, मार्केटिंग, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया; और देवयानी राणा, वाइस प्रेसिडेंट, पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस, और सस्टेनेबिलिटी, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स ने लांच की पेट्रोल इंजन के साथ पैसेंजर व्हीकल्स

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) ने 1.5 लीटर हायपर आयन टर्बो-जीडीआई पेट्रोल इंजन वाली बहुप्रतीक्षित हैरियर और सफारी की कीमतों की घोषणा की है। सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर हैरियर पेट्रोल की कीमत 12.89 लाख से शुरू होती है, जबकि सफारी पेट्रोल 13.29 लाख से उपलब्ध है। टॉप सेगमेंट के लग्जरी फीचर्स से लैस, ये दोनों एसयूवी सैमसंग नियोक्यू एलईडी से संचालित 36.9 सेमी सिनेमैटिक इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, इमर्सिव डॉल्बी एटमॉस ऑडियो, बिल्ट-इन डुअल डैश कैम और डीवीआर के साथ विजन-एक्स ई-आईआरवीएम के साथ प्रीमियम एसयूवी स्पेस को फिर से परिभाषित करती हैं।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GO1001674

**अनुबंध विभाग**

दिनांक: 13.01.2026

निविदा पूछताछ संख्या: HO(Works)/Contracts/KDL MRSS-A/2025/1108/302
GST सहित कार्य की अनुमानित लागत: 42.11 करोड़ रुपये

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू बोलीदाताओं से ' 'बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, छत्तीसगढ़' ' में 33/3.3kV मेन रिसीविंग सब स्टेशन-A (MRSS-A) और इसके संबद्ध आउटडोर स्विचगियर को गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन और इंडोर स्विचगियर के साथ टर्नकी आधार पर बदलने" के कार्य के लिए MSTC पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है। विस्तृत NIT और बोली दस्तावेज 13/01/2026 से 10/02/2026 तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट-https://nmdcportals.nmdc.co.in/ nmdctender
2. सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (CPP पोर्टल) http://www.eprocure.gov .in/ epublish/app और
3. MSTC पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ और एनएमडीसी टेंडर इवेंट नंबर NMDC/ Head Office/Contract/24/25-26/ ET/348 [33kV MRSS-A का प्रतिस्थापन] खोजें। अधिक सहायता के लिए MSTC वेबसाइट पर दी गई 'विक्रेता गाइड' देखें।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां केवल MSTC पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण NIT में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट/CPP पोर्टल/MSTC वेबसाइट पर जाने की आवश्यकता है।

अधिक स्पष्टीकरण के लिए,
निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है:

1) कार्यकारी निदेशक (कार्य), एनएमडीसी एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद
टेलीफोन नंबर +91-040-23538761, ईमेल: contracts@nmdc.co.in

कार्यकारी निदेशक (कार्य)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल विहार कालोनी, कोलार रोड, भोपाल**

ई-मेल eephedcp2bhp@mp.gov.in

क्र. 141,142,143,144,145, 146, 147, 148/का.यं. / रा. परि. खण्ड-2/लोस्वायांवि/ भोपाल दिनांक-02/01/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रू.लाख में) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PHED _472453 | Repairing and Reconstruction of damaged manhole chambers including Cleaning and de silting of manholes and sewer line at Doordarshan Colony, Shyamla Hills, Bhopal | 4,59,778=00 | 9,196=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 2. | 2026_PHED. _472454 | Providing and laying of 200 mm dia RCC sewer line with repairing of damaged manhole chamber ilc de silting and cleaning of manholes and sewer line at Section No. 6 of Sub Div-5 PHED Bhopal | 5,05,240=00 | 10,105=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 3. | 2026_PHED _472456 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-2, Arera colony, Section No. 1 Network Area Bhopal | 6,80,228=00 | 13,605=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 4. | 2026_PHED _472457 | Cleaning and De silting work of Anaerobic Pond No. 1 at Kotra Sewage Treatment Plant, Bhopal | 7,93,368=00 | 15,867=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 5. | 2026_PHED _472458 | Repairing and reconstruction of damaged manholes including Cleaning and de silting of manholes and sewer line of block no 100-105, Shivaji Nagar, Bhopal | 6,45,106=00 | 12,902=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 6. | 2026_PHED _472459 | Cleaning of weeds from facultative pond no.3 i/c cleaning of grass and surface dressing work at Kotra Sewage Treatment Plant Campus, Bhopal | 7,14,378=00 | 14,288=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 7. | 2026_PHED _472461 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-4, Arera colony, Section No. 2 Network Area Bhopal | 6,59,375=00 | 13,188=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |
| 8. | 2026_PHED _472462 | Cleaning and De silting work of Wet Well, Sumps and Sewage Chambers at Old Shahpura S.P.H, Bhopal | 5,67,148=00 | 11,343=00 | 2,000=00 | 30Days Including rainy season |

- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दशार्या जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।
- निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 है।

**कार्यपालन यंत्री**
**राजधानी परियोजना खण्ड क्र. 2,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**

जी-24258/25 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार पाएंगे गोर?

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल गोर की नियुक्ति की घोषणा की थी। भारत-अमेरिका संबंध पिछले एक साल में अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की हालिया टिप्पणी से ऐसा संदेश गया, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह पटरी से उतर गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया। जबकि पिछले साल दोनों नेताओं के बीच आठ बार बातचीत हुई थी। भारत पर इस समय दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लागू है। लगातार वार्ता होने के बावजूद दोनों देश अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं। समझा जाता है कि गोर के आने के बाद दोनों देशों के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट सकते हैं। गोर की टैरिफ पर समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता पर यह टिप्पणी खास तौर पर ध्यान देने योग्य है। गोर ने कहा, 'सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद दूर कर लेते हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर अपनी भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत समझ का जिक्र करते हैं। गोर ने कहा, आशा है कि राष्ट्रपति जल्द ही भारत आएंगे, उम्मीद है अगले एक या दो वर्षों में। दोनों देशों के संबंधों पर गोर ने आगे कहा, 'भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडा आगे बढ़ाना है। हम यह एक सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश अपनी-अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आगे आएंगे।' गोर का यह रुख दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का काम कर सकता है। हालांकि ट्रंप का एक साल का कार्यकाल भारत के लिए किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं रहा। टैरिफ को अगर छोड़ भी दें तो भी ट्रंप ने वह हर काम किया, जिससे भारत के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। एच1बी वीजा से लेकर रेमिटेंस पर टैक्स बढ़ाना, अवैध भारतीयों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजना, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए वीजा में देरी आदि ऐसे कई काम हुए हैं, जिसने आम भारतीय के दिल में भी अमेरिका के प्रति सम्मान को कम किया है। गोर अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीयों के मन में अमेरिका का सम्मान स्थापित करना भी बड़ी चुनौती होगा। पाकिस्तान के परोक्ष शासक आसिम मुनीर को ट्रंप ने जिस तरह से गले लगाया है, वह किसी भारतीय को पसंद नहीं आया। इसलिए गोर की भारत में राह बहुत आसान होगी, यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह 'आसान काम नहीं' है। जब वह कहते हैं कि व्यापार हमारे रिश्ते का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवादरोधी प्रयास, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे तो साफ हो जाता है कि अमेरिका की प्राथमिकता क्या है? गोर भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ ही दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत भी हैं।



आर्थिकी
अश्विनी महाजन

# जीडीपी वृद्धि से नहीं रुकेगी रुपये की गिरावट

> पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुँच गई है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है।

आज़ादी के बाद से, भारतीय रुपये की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमज़ोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपये और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये की कमज़ोरी की रफ़्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947–1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4% वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8% तक धीमा हो गया।

1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5% की थोड़ी ज़्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज़्यादा 10.9% सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाज़ार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपये की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0%, 2004-2014 में हर साल 2.9%, और 2014-2024 तक हर साल 3.3%। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया। हालांकि, पिछले एक साल में रुपये में 4.7 प्रतिशत की ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। वर्तमान समय में यह धारणा ग़लत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से बढ़ रही है और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है। अगर हम वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी देखें, तो यह 2014-15 में 106.6 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो सालों में, रुपये-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव एक जैसा नहीं रहा है। पिछली तिमाही में, भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसे संघर्षों और युद्धों के कारण भूराजनीतिक तनाव और अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अभूतपूर्व टैरिफ युद्ध के कारण अस्त-व्यस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच काफी अच्छा माना जाता है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करेंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करेंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर




विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। पहला, विनिमय दर सिर्फ़ जीडीपी ग्रोथ के बजाय पूंजीगत प्रवाह से ज़्यादा चलती है। मज़बूत ग्रोथ के बावजूद, अगर विदेशी निवेशक वैश्विक अनिश्चितता, अपने देश/देशों में बढ़ती ब्याज़ दरों, या रिस्क से बचने की वजह से पूंजी निकालते हैं, तो रुपया कमज़ोर हो जाता है। भारत में ठीक यही हुआ है; 2025 में ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने 15 दिसंबर, 2025 तक भारतीय स्टॉक मार्केट से 18.4 बिलियन अमरीकी डॉलर निकाले, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी कमज़ोरी की वजह से नहीं, बल्कि अपने ही कारणों से। फिर से, हम देखते हैं कि एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, भारतीय स्टॉक मार्केट अपने ग्रोथ के रास्ते पर चलते रहे हैं। निकासी के लगातार दबाव का विदेशी मुद्रा की पूर्ति पर बुरा असर पड़ा है और इसके कुल असर ने रुपये की गिरावट में अहम भूमिका निभाई है। दूसरा, मज़बूत होने के बजाय, ज़्यादा जीडीपी ग्रोथ, रुपये की गिरावट का कारण भी बन सकती है। भारत में ज़्यादा ग्रोथ अक्सर आयात को बढ़ाती है, खासकर कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूंजीगत सामान के लिए। बढ़ते आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव पड़ता है। हम देखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और कई दूसरे क्षेत्रों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात ज़रूरी हो जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई मैन्युफैक्चरिंग निर्यात से ज्यादा देश में ही उपभोग हो जाती है। गौरतलब है कि भारत के वस्तु व्यापार में घाटा 2023-24 में 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 282.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घाटे में से 85.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 99.2 बिलियन यूएस डॉलर सिर्फ़ चीन से थे। यह प्रवृत्ति 2025-26 में भी जारी रहेगी, जहाँ अप्रैल से सितंबर 2025 के पहले छह महीनों में, वस्तु व्यापार में घाटा 59.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। तीसरा, डॉलर के दबदबे और दुनिया भर में मॉनेटरी सख्ती से भी रुपया कमजोर हो रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दायरे से बाहर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सख्ती के समय, ज़्यादातर करेंसी के मुकाबले डॉलर मजबूत होता है। ऐसे समय में, रुपये में गिरावट दुनिया भर में डॉलर की मजबूती को दिखाती है, घरेलू कमजोरी को नहीं। चौथी बात, महंगाई से करेंसी की वैल्यू में गिरावट आती है। भारत के मामले में, अतीत में अधिक महंगाई रुपये के कमज़ोर होने का एक बड़ा कारण रही है। कम महंगाई न केवल हमारे निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाती है, बल्कि आयात पर भी दबाव कम करती है। इस तरह यह व्यापार शेष और भुगतान शेष को नियंत्रण में रखने तथा घरेलू करेंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

पांचवीं बात, भारत की अधिकांश ग्रोथ निर्यात के बजाय घरेलू खपत और सार्वजनिक निवेश से संचालित होती है। जब ग्रोथ घरेलू मांग से आती है, तो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में समान अनुपात में वृद्धि हुए बिना यह अपने आप करेंसी की मज़बूती में नहीं बदलती। छठी बात, कई बार सरकार स्वयं निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए रुपये की कीमत कम होने देती है या उसे प्रोत्साहित करती है। इसलिए, कभी-कभी रुपये की गिरावट एक नीति होती है, न कि किसी आर्थिक विफलता का संकेत। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है। दोनों का एक साथ होना कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि संरचनात्मक रूप से आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



लोक संस्कृति
बाल मुकुन्द ओझा

# लोक संस्कृति और स्मृद्धि का पर्व है लोहड़ी

देश की बहुरंगी लोकसंस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस साल लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का पर्व फसल से जुड़ा है। यह पर्व नई फसल की बुआई और पुरानी फसल की कटाई से संबंधित है। विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में यह त्योहार परंपरागत हंसी-ख़ुशी, उमंग-उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतवासी विदेशों में भी अपने रंगीले त्योहार की खुशियां गीत, संगीत और नृत्य के साथ बांटते है। लोहड़ी का त्योहार हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार, यह त्योहार सूर्य की उत्तरी गोलार्ध की यात्रा का प्रतीक है। मुख्यतः पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत के इस लोकप्रिय फसल उत्सव में अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने और ईश्वर से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पवित्र अलाव जलाया जाता है।


लोहड़ी मनाने के पीछे भी एक कहानी है जिसके नायक दुल्ला भट्टी हैं। बताया जाता है कि सांदल बार इलाके के जागीरदार ने एक ब्राह्मण की दो बेटियों को उठा लिया था। यह इलाका अब पाकिस्तान के मुल्तान शहर के पास है। दुल्ला मुगलों के खिलाफ तब गुरिल्ला लड़ाई कर रहे थे। कहानी के मुताबिक दुल्ला भट्टी ने दोनों लड़कियों को छुड़ाया और खुद गरीब ब्राह्मण की जगह उनका बाप बना। लड़कियों के सिर के सालू (पल्लू) को बेटियों की इज्जत माना जाता था, जिसे उसने रखवाया। तब किसी गरीब के हक में और वह भी लड़कियों के हक में खड़े होना बड़ी बात थी। हर त्योहार की तरह यह



भी दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उपले और लकड़ी की मदद से बोनफायर जलाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी का त्योहार प्रमुख रूप से और बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से दिन छोटा और रात काफी बड़ी होती है। फसल कटाई के मौके पर मनाए जाने वाले इस त्योहार को बोनफायर जलाकर सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं लोग इसके चारों तरफ घूमकर नाचते हैं और आग में प्रसाद डालते हैं। पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में इसकी धूम होती है। पारिवारिक समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। पंजाबी समाज में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती है। इसका संबंध मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते हैं। लोहड़ी से 10-12 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गाकर दाने, लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। इस सामग्री से चौराहे या मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि की भेंट किए जाते हैं तथा ये ही चीजें प्रसाद के रूप में सभी लोगों को बाँटी जाती हैं। घर लौटते समय 'लोहड़ी में से दो चार कोयले प्रसाद के रूप में, घर पर लाने की प्रथा भी है। लोग अग्नि के चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं व आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति देते हैं। आग के चारों ओर बैठकर लोग आग सेंकते हैं व रेवड़ी, खील, गज्जक, मक्का खाने का आनंद लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। पहले बेटा होने पर त्योहार मनाया जाता था, मगर अब कन्या होने पर दूने जोश और उत्साह से कन्या लोहिड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को समाज में बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले व लोगों की नकारात्मक सोच को बदलना है। आज लोहड़ी के त्योहार की पवित्रता सैकड़ों गुणा बढ़ गई है, क्योंकि यहां भारतीय संस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है। सच है कि जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, वे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी की पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मना रहे हैं। पंजाबी समाज ने कन्या लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटी के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मानाने की पवित्रता को द्विगुणित किया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कई काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। *– मोहन जोशी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### समाज के प्रति जिम्मेदारी



जेएनयू की डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। मेरा विश्वास है कि यहां की समावेशिता, सामाजिक न्याय और जिम्मेदारी की परंपरा आगे बढ़ाते हुए छात्र विकसित भारत के लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।
**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सड़क सुरक्षा माह



31 जनवरी तक हम प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित कर रहे हैं। यह हमारे परिवारों और भविष्य की रक्षा का संकल्प है। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम-सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, परंतु सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सबसे सुव्यवस्थित राज्य



अगर किसी को ऋणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसकी कर्नाटक सरकार ने ऋण लेने में नया रिकॉर्ड बनाया है। असम भारत का सबसे सुव्यवस्थित और सबसे तेजी से विकासशील राज्य है और इस तथ्य की पुष्टि आरबीआई ने भी की है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### क़ानून का डर ज़रूरी



मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही कश्यप समाज के युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। ऐसे आपराधिक तत्वों को क़ानून का डर होना ज़रूरी।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# भारतवंशी कुलकर्णी आरएएस के स्वर्ण पदक से सम्मानित

भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में 'खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।



## ऑफ बीट

# बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने में साझा पठन-पाठन जरूरी

ब्रिटेन में बच्चों और युवाओं के बीच किताबें पढ़ने की रुचि लगातार घट रही है। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि आनंद के लिए किताबें पढ़ने वाले बच्चों का अनुपात पिछले दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए ब्रिटेन सरकार, नेशनल लिटरेसी ट्रस्ट और अन्य संगठनों ने वर्ष 2026 को 'राष्ट्रीय पठन वर्ष' घोषित किया है, ताकि लोगों को पढ़ने के लिए फिर से प्रेरित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को उनकी मौजूदा रुचियों के अनुरूप पढ़ने से जोड़ना है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों में पढ़ने का शौक विकसित करने का सबसे प्रभावी तरीका उनके साथ मिलकर पढ़ना है, चाहे बच्चा पढ़ने में रुचि रखता हो या नहीं। अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन से बच्चों के साथ पढ़ने से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। छोटे बच्चों को पढ़कर सुनाने से उनके शुरुआती विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है और वे आगे चलकर स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कम उम्र से पढ़ने वाले बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता तेज होती है और उनकी शब्दावली भी अधिक समृद्ध होती है, जिससे वे अच्छे पाठक बनते हैं।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

राज ठाकरे की चुनौती पर भाजपा नेता अन्नामलाई बोले

# मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ, मैं ऐसी धमकियों से नहीं डरता

अन्नमलाई ने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई/ मुंबई

भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने राज ठाकरे के रसमलाई वाले बयान पर पलटवार करते हुए मुंबई आने की चुनौती कबूल कर ली है। राज ठाकरे ने रविवार को एक जनसभा में उन्हें मुंबई में घुसने की चुनौती दी थी। राज ठाकरे ने अन्नामलाई को लुंगी पुंगी, रसमलाई बोलकर मजाक उड़ाते हुए मुंबई आने पर पैर काटने की धमकी दी थी। सोमवार को चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ। मैं ऐसे धमकियों से नहीं डरता।

**मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर का मतलब महाराष्ट्र के लोगों ने इसे बनाया**



राज ठाकरे और भाजपा नेता के. अन्नामलाई

### किसान का बेटा होने पर गर्व

अन्नामलाई ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा है कि अगर मैं मुंबई आया तो वे मेरे पैर काट देंगे। मैं मुंबई आऊंगा। मेरे पैर काटकर दिखाओ। अगर मैं ऐसी धमकियों से डरता, तो अपने गांव में ही रहता। उन्होंने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ़ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं।

### ये लोग नासमझ

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अगर मैं कहता हूं कि कामराज भारत के सबसे महान नेताओं में से एक हैं, तो क्या इसका मतलब है कि वह अब तमिल नहीं रहे? अगर मैं कहता हूं कि मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर है, तो क्या इसका मतलब है कि इसे महाराष्ट्र के लोगों ने नहीं बनाया? ये लोग बस नासमझ हैं।

### हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगीः राज ठाकरे

रविवार को ठाकरे ने अन्नामलाई पर मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर बताने पर निशाना साधा था। इस दौरान राज ठाकरे ने 1960 और 1970 के दशक के अपने चाचा बालसाहेब ठाकरे के नारे 'हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगी' का भी जिक्र किया। राज ठाकरे ने कहा था कि एक रसमलाई तमिलनाडु से आई, तुम्हारा यहां से क्या लेना-देना है?

**लात मारकर बाहर निकाल देंगे**

रैली के दौरान, राज ठाकरे ने कहा कि अगर बिहार और यूपी के लोग हिंदी थोपने की कोशिश करेंगे तो वह उन्हें महाराष्ट्र से 'लात मारकर' बाहर निकाल देंगे। यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है।

सीएम फडणवीस ने अजित पवार पर साधा निशाना

## कहा- जीत मिले या हार, अपराधी जाएंगे जेल




अजित पवार द्वारा भाजपा पर की गई टिप्पणी के बाद अब सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा जवाब दिया है। पुणे में फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराध के खिलाफ बोलने वाले ही अगर अपराधियों को टिकट देंगे, तो इसका कोई औचित्य नहीं रह जाता।

### आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को टिकट क्यों?

सीएम ने कहा कि पुणे में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को उम्मीदवार के तौर पर टिकट देना क्यों जरूरी था? जिन लोगों ने अपराधों को समाप्त करने की बात कही थी वही लोग अब अपराधियों को टिकट दे रहे हैं और उनके सपोर्ट में बोल भी रहे हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि अगर कोई अपराधी चुनाव जीत भी जाता है, तो उसकी जगह नगर निगम में नहीं होगी, जेल में होगी।

**खबर संक्षेप**

### सम्मान के साथ तमांग का होगा अंतिम संस्कार



**दार्जिलिंग।** रियलिटी शो में जीत के बाद कोलकाता पुलिस के सिपाही से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का पार्थिव शरीर सोमवार को दार्जिलिंग स्थित उनके आवास लाया गया और इस दौरान पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। तमांग का रविवार को दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

### जस्टिस पॉल होंगे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस सुजॉय पॉल को कलकत्ता हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। 9 जनवरी, आयोजित कॉलेजियम की बैठक में इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया। वर्तमान में वे कलकत्ता हाईकोर्ट में ही कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीशके रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### लुधियाना में ड्रम में कटा सिर मिला, दो गिरफ्तार



**लुधियाना।** जालंधर बाइपास के पास एक खाली प्लॉट में सफेद प्लास्टिक के ड्रम और बोरे में युवक की कटी हुई लाश मिली। मृतक 35 वर्षीय दविंदर कुमार लुधियाना की भारती कॉलोनी का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के दोस्त शमशेर सिंह और उसकी पत्नी कुलदीप कौर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### कथावाचक श्रीकृष्ण शुभम की ट्रेन में मौत



**चक्रधरपुर।** कुर्ला एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के कथावाचक भागवताचार्य श्री कृष्ण शुभम महाराज की मौत चलती ट्रेन में शौचालय के दरवाजे के सामने गिरने से हो गई। वे 31 साल के एक युवा कथावाचक के रूप में प्रसिद्ध थे और वह छत्तीसगढ़ के राजानंदगांव के निवासी थे।

विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2026 के समापन सत्र में पीएम मोदी बोले

# भारत का 'जेन जी' सृजनात्मकता और ऊर्जा से भरा हुआ, जोखिम लेने से पीछे नहीं हटें

पीएम मोदी ने कहा कि जिन विषयों पर आपने चर्चा की है खासकर महिला नीति विकास और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर विचारों पर प्रस्तुति प्रशंसनीय है। यह दिखाता है कि भारत में जेन जी का मिजाज क्या है। भारत का जेन जी कितनी सृजनात्मकता से भरा हुआ है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत का 'जेन जी' सृजनात्मकता और ऊर्जा से भरा हुआ है और उसे जोखिम लेने से पीछे नहीं हटना चाहिये क्योंकि सरकार को उसके सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है। देश-विदेश से आए युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बहुत कम समय में यह संवाद इतना बड़ा मंच बन गया है जहां देश के विकास की दिशा तय करने में युवाओं की सीधी भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देशों में थिंकटैंक शब्द प्रचलित है। इसकी चर्चा होती है और इसका प्रभाव भी बहुत होता है। मैंने आज जो प्रेजेंटेशन देखें और जिस तरह से कड़ी प्रतिस्पर्धाओं के बाद आप यहां तक आए हैं, इसने दुनिया में अनोखे थिंकटैंक के रूप में जगह बनाई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिन विषयों पर आपने चर्चा की है खासकर महिला नीति विकास और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर विचारों पर प्रस्तुति प्रशंसनीय है। यह दिखाता है कि भारत में जेन जी का मिजाज क्या है। भारत का जेन जी कितनी सृजनात्मकता से भरा हुआ है।

**रिफॉर्म्स के केंद्र में देश की युवाशक्ति**

**युवाओं के सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है**



भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2026 को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी

**स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें**

पीएम मोदी ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है और राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ जीने के लिये उनका जीवन प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हर युवा के लिये प्रेरणा हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है, कैसे हम राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ अपना जीवन जिएं। इस दिशा में स्वामी विवकानंद का जीवन हमारे लिये प्रेरक है। उनका स्मरण करते हुए हम हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं और इस दिन को भी विकसित भारत युवा संवाद के लिये चुना गया है।

### जेन-जी के लिए असीम अवसर पैदा किए

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में उनकी सरकार ने स्टार्टअप और डिजिटल क्रांति के जरिये युवाओं के लिये असीम अवसर पैदा किये और इस दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा है इसलिये हमने पिछली सरकारों से अलग राह चुनी जिससे स्टार्टअप क्रांति ने गति पकड़ी। स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी पहल की गई। ऐसे क्षेत्र जहां पहले सिर्फ सरकार की चलती थी, उन्हें युवा उद्यमियों के लिये खोला गया।

### देश के विकास में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

पीएम मोदी ने कहा कि बहुत कम समय में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद इतना बड़ा मंच बन गया है। एक ऐसा मंच, जहां देश की विकास की दिशा तय करने में युवाओं की सीधी भागीदारी होती है। करोड़ों नौजवानों का इससे जुड़ना, देश के विकास के लिए अपने विचार साझा करना ये अपनेआप में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि आपका सामर्थ्य भारत का सामर्थ्य बनेगा, आपकी सफलता भारत को नई ऊंचाईयां जरूर देगी।

### गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालेंगे युवा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज ऑरेंज अर्थव्यवस्था... यानि कल्चर (संस्कृति), कंटेंट (सामग्री) और क्रिएटिविटी (रचनात्मकता) का अभूतपूर्व विकास होते देख रहा है। बीते दशक में बदलाव का, सुधारों (रिफॉर्म्स) का जो सिलसिला हमने शुरु किया वो अब रिफॉर्म्स एक्सप्रेस बन चुका है। इन रिफॉर्म्स के केंद्र में हमारी युवाशक्ति है। हर युवा को संकल्प लेकर गुलामी की मानसिकता से देश को बाहर निकालना है।

चुनाव आयोग पर ममता के गंभीर आरोप

## कहा- 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा




चुनाव आयोग व सीएम ममता बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीएम बेनर्जी ने को सोमवार को सीईसी को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल से गंभीर गलतियां हुई हैं। इसकी वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से 'विसंगति' वाली श्रेणी में डाल दिया गया है।

### ईडी की सुप्रीम कोर्ट से सीएम ममता के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। ईडी ने आरोप लगाया कि छापामारी के दौरान सीएम, मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को डराया। फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जबरन छीन लिए गए और तलाशी नहीं करने दी गई। ईडी का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। जब भी किसी जांच में सीएम या उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कोई अहम सबूत मिलने की संभावना होती है, तब उनकी सरकार और वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में दखल देते हैं।

### सुनवाई प्रक्रिया पर उठाए सवाल

सीएम ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान जमा किए गए दस्तावेजों की कोई रसीद नहीं दी जा रही है। उन्होंने सुनवाई प्रक्रिया को पूरी तरह मशीनी और संवेदनहीन बताया। यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं से खाली है और लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है।

जेएनयू पर सीएम रेखा गुप्ता का बयान

## दंगाइयों की जमानत से देश स्तब्ध आतंकियों का किया गया समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन जैसी घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है, जहां दंगा आरोपियों की जमानत की मांग की गई और आतंकवादियों का समर्थन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को बधाई देते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि पूरा देश उनसे उम्मीद करता है क्योंकि राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जेएनयू जैसी घटनाओं से सदमे में है जहां दंगा



सीएम रेखा गुप्ता युवाओं से मिलीं

आरोपियों की जमानत की मांग की जाती है और आतंकवादियों का समर्थन किया जाता है। देश के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में छात्र अशोभनीय नारे लगाते हैं और राष्ट्र के खिलाफ बोलते हैं। युवाओं के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं से मुलाकात की।

## 'लोहड़ी' त्यौहार की धूम



**अमृतसर।** मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है। इसे खासतौर पर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में मनाया जाता है। इस साल 13 जनवरी को लोहड़ी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले अमृतसर में महिलाओं ने शाम के समय पूजा की। सूखी लकड़ियां जलाईं जिसमें रेवड़ी, तिल, गुड़, मूंगफली, मक्का डालकर अग्नि की सात बार परिक्रमा की। लोहड़ी को फसल पकने और अच्छी खेती के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

चुनाव आयुक्तों को आजीवन छूट का मामला

## सीजेआई बोले- जांच करेंगे, केंद्र व ईसी को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है। याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान मुख्य चुनाव



याचिकाकर्ता जया ठाकुर व सुप्रीम कोर्ट

आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला।

जेएनयू में उपराष्ट्रपति की युवाओं से अपील

## राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें, शिक्षा से 'आत्मनिर्भरता' को दें बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं। इन प्रक्रियाओं का अंततः किसी निष्कर्ष तक पहुंचना आवश्यक है।

एक बार निर्णय हो जाने के बाद, उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामूहिक सहयोग अनिवार्य है जिससे प्रशासन सुचारु और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।



जेएनयू में संबोधित करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

### जीवन के केंद्र में शिक्षा महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि उपनिषदों और भगवद्गीता से लेकर भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों ने सदैव समाज और नैतिक जीवन के केंद्र में शिक्षा को स्थान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आह्वान किया।

### विकसित भारत विजन को करें साकार

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का युवा वर्ग पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र का निर्माण करती है, न कि केवल उपाधियों का संचय।

गृह मंत्री शाह का दावा केरल में शांति लेकिन मंडरा रहा है खतरा

# कहा- पीएफआई को बैन कर देश को सुरक्षित किया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति फिलहाल शांत दिख सकती है, लेकिन कई खतरे धीरे-धीरे उभर रहे हैं जो भविष्य में खतरनाक रूप ले सकते हैं। उन्होंने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाए और पूछा कि क्या वे वास्तव में लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो लोग सहअस्तित्व में विश्वास नहीं रखते, वे एकता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? मैं केरल के लोगों से पूछना चाहता हूं, क्या पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया), जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) जैसी राजनीतिक पार्टियां केरल को सुरक्षित रख सकती हैं? उन्होंने कहा कि केरल की सुरक्षा केवल 'पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य खतरों' की पहचान करके ही सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे संगठनों पर एक्शन की जरूरत है।

**पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य खतरों को पहचानें**

**विकसित केरल के साथ सुरक्षित केरल भी जरूरी**



तिरुवनंतपुरम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**खतरों को खत्म करना सरकार की जिम्मेदारी**

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि इस तरह के खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है। पीएफआई प्रतिबंध पर सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा दोनों ने ही इस फैसले का न तो विरोध किया और न ही समर्थन।

### 'रेमिटेंस' आधारित अर्थव्यवस्था से विकास संभव नहीं

शाह ने कहा कि केवल 'रेमिटेंस' यानी विदेशों में काम करने वाले राज्य के नागरिकों द्वारा घर भेजी जाने वाली रकम के आधार पर केरल की अर्थव्यवस्था का पूर्ण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल को एक ऐसे आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है जो सभी नागरिकों का विकास सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हम 'रेमिटेंस' का स्वागत करते हैं और यह जारी रहना चाहिए, लेकिन केवल इसी के माध्यम से हर नागरिक का विकास हासिल नहीं किया जा सकता।

## भारत-जर्मनी के बीच 4 ऐतिहासिक समझौते, डिफेंस और सेमीकंडक्टर पर बनी बात

# आतंकवाद, रक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीक... भारत और जर्मन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता, दोनों ही देशों ने दिखाई एकजुटता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। जर्मन चांसलर मर्ज की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 सालों और रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने के विशेष मौके पर हुई। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा, अर्थव्यवस्था, तकनीक और शिक्षा क्षेत्र प्रमुख हैं। पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारत और जर्मनी जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग न केवल दोनों राष्ट्रों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। हमने आर्थिक साझेदारी को 'लिमिटलेस' बनाने का फैसला किया है, जिसमें रक्षा, स्पेस और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी जैसे रणनीतिक क्षेत्र शामिल हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की मेजबानी करना हमारे लिए खुशी की बात थी। उनकी यात्रा से भारत-जर्मनी संबंधों को नई गति मिली है, क्योंकि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल और राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर रहे हैं।



*रक्षा अर्थव्यवस्था तकनीक के क्षेत्र में हुई बात*

*भारत-जर्मनी संबंधों को मिली नई गतिः पीएम मोदी*



### आतंकी ठिकानों के ढांचे को खत्म करने का आह्वान

दोनों पक्षों ने सभी देशों से अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार आतंकवादी सुरक्षित ठिकानों और बुनियादी ढांचे को खत्म करने के साथ-साथ आतंकवादी नेटवर्क और वित्तपोषण को बाधित करने की दिशा में काम जारी रखने का भी आह्वान किया। नेताओं ने आपसी कानूनी सहायता संधि के अनुसमर्थन का स्वागत किया और आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह के तहत हुई प्रगति पर ध्यान दिया।

**आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा**

उन्होंने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध लोग भी शामिल हैं।

### दोनों देशों के बीच कितना व्यापार

भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 50 अरब यूरो (करीब 5.27 लाख करोड़ रुपये) का है। भारत की 1.4 अरब की विशाल आबादी जर्मन निर्यातकों के लिए विकास के बड़े अवसर प्रदान करती है। जर्मनी ट्रेड एंड इन्वेस्ट नामक सरकारी एजेंसी के फ्लोरियन वेंके ने कहा कि जर्मन विदेशी व्यापार विकास के अवसरों वाले बाजारों की तलाश कर रहा है और भारत बिल्कुल वैसा ही बाजार है।

### चीन की कमी भारत से होगी पूरी

जर्मनी पहले चीन को काफी एक्सपोर्ट करता रहा है। लेकिन पिछले कुछ सालों में स्थिति बदली है। जर्मनी की चीन में बिक्री कम हो गई है। वहीं जर्मन कंपनियों को विभिन्न उद्योगों में चीनी प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बर्लिन और बीजिंग के बीच संबंध भी तनावपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि चीन ने सेमीकंडक्टर और कुछ दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की आपूर्ति बैन लगा दिया है। ऐसे में जर्मनी के लिए अब भारत महत्वपूर्ण बन गया है।

---

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश के फेंगुआ के दानगभुआ में समीर दास नाम के एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। समीर दास ऑटो चालक था। आरोपियों ने समीर की हत्या के बाद उसके ऑटो को भी लूटकर अपने साथ ले गए। मृतक की पहचान समीर कुमार दास (28) के रूप में हुई है। समीर के मातुभुइया संघ के रामानन्दपुर गांव का रहने वाला था।

### विश्व स्तर पर भारत की आवाज जरूरीः जुआन



**नई दिल्ली।** भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि हमें लगता है कि भारत जैसे देशों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आवाज बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ता हुआ देश है, यह दक्षिण का देश है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के शब्दों का वजन महत्वपूर्ण होता जा रहा है। अंतराष्ट्रीय नेताओं के भारत आने से जी20 में भारत का नेतृत्व बहुत जरूरी हो गया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग का अब तक कई देशों ने समर्थन किया है।

### जीर्णोद्धार का काम भारत की सहायता से शुरू हुआ



**कोलंबो।** चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत की सहायता से उत्तरी रेलवे ट्रैक की मरम्मत का काम शुरू हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत ने महावा जंक्शन से ओमानथाई तक चक्रवात से क्षतिग्रस्त उत्तरी रेलवे लाइन के पूर्ण पुनर्निर्माण के लिए पूरी सहायता देने का आश्वासन दिया है। भारत ने पुनर्निर्माण सहायता और संपर्क बहाल करने के लिए 28 नवंबर को 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया था। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि काम शुरू किया है।

---

## सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में पदभार संभालने के बाद संबोधन दिया

# भारत पर जताया भरोसा बोले-डील पर करेंगे बात, राष्ट्रपति ट्रंप भी अगले साल आएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि आज यानी मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं।

अपने पहले संबोधन की शुरुआत गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि कई लोग उनसे ट्रेड डील पर अपडेट पूछ रहे थे। उन्होंने साफ किया कि दोनों पक्ष लगातार संपर्क में हैं और बातचीत आगे बढ़ रही है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है, इसलिए यह प्रक्रिया आसान नहीं है, लेकिन दोनों देश इसे पूरा करने के लिए कोशिश कर रहे हैं। गोर ने कहा कि ट्रेड भारत-अमेरिका रिश्तों का अहम हिस्सा है, लेकिन सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। दोनों देश सुरक्षा, काउंटर-टेररिज्म, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम कर रहे हैं।

राजदूत बोले- दोस्ती पक्की है इसलिए मतभेद सुलझ जाएंगे | आज मंगलवार को दूरभाष पर चर्चा करेंगे दोनों देश

### *गोर को भारत का राजदूत चुनने में ट्रंप ने 7 महीने लिए*



राजदूत सर्जियो गोर

जनवरी 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने कई देशों के लिए राजदूत की नियुक्ति की थी लेकिन भारत के लिए गोर को राजदूत पद पर चुनने के लिए उन्होंने 7 महीने लगा दिए। ट्रंप ने अगस्त 2025 में गोर को भारत का राजदूत चुना था। वे ट्रंप के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी।

### *ट्रेड डील और कूटनीति का नया पैमाना*

लंबे वक्त से इंतजार की जा रही ट्रेड डील पर अपडेट देते हुए राजदूत ने कहा कि दोनों पक्ष सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज इस पर अगली महत्वपूर्ण कॉल होगी। सर्जियो गोर ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की थी। उन्होंने ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती का जिक्र किया। गोर ने कहा कि 2013 के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने बताया कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने हजारों संघीय नियुक्तियों की जिम्मेदारी संभाली थी। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी संभावनाओं पर बात कर चुके हैं।



राष्ट्रपति ट्रंप

### गोर के बयान के बाद तेज हुआ बाजार

*अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के इस बयान के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आ गई। निफ्टी 25473 के निचले स्तर से उछलकर 25740 तक पहुंच गया। यह रिकवरी इसलिए भी आई है कि लगातार 6 दिनों तक जोरदार गिरावट के बाद एक तेजी की संभावना जताई जा रही थी। मार्केट एक्सपर्ट जिगर पटेल ने कहा है कि निफ्टी के लिए नीचे की ओर 25400 से 25500 का लेवल अहम है, जबकि ऊपर की ओर 25600-25700 अहम रेजिस्टेंस है। इससे माना जा रहा है कि रिश्ते ठीक हैं।*

---

## ईरान बोला- योजना के तहत हो रहे हमले

# ये महज प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग,अब तक 544 की मौत




लास ऐंजलिस में रैली के बीच घुसा ट्रक

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है।

### ईरान विरोधी रैली में ट्रक घुसा

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है। लेकिन घायलों का इलाज अभी भी चल रहा है।

---

*डेनमार्क को कोई प्रस्ताव नहीं दिया लेकिन ग्रीनलैंड पर डील होना चाहिए*

# ट्रंप ने फिर दोहराई ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात बोले- नाटो को ज्यादा जरूरत अमेरिका की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ग्रीनलैंड को हासिल करने की बात कही है। डेनमार्क की भूमिका को खारिज करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि आर्कटिक द्वीप पर रूस या चीन का प्रभाव हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने ग्रीनलैंड या डेनमार्क को कोई ठोस प्रस्ताव दिया है, तो उन्होंने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया है, लेकिन ग्रीनलैंड को यह डील करनी चाहिए क्योंकि ग्रीनलैंड नहीं चाहता कि रूस या चीन इस पर कब्जा करें। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि ग्रीनलैंड को डील करनी चाहिए क्योंकि उसकी मौजूदा सुरक्षा बहुत कम है। उन्होंने कहा, क्या आप जानते हैं कि उनकी रक्षा रणनीति क्या है? इसी बीच आपके पास रूसी डिस्ट्रॉयर और सबमरीन और चीन के डिस्ट्रॉयर और सबमरीन सब जगह हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अगर इससे नाटो पर असर पड़ता है, तो नाटो पर असर पड़ेगा, लेकिन आप जानते हैं कि उन्हें हमारी जरूरत हमसे ज्यादा है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी कथित तौर पर ग्रीनलैंड में आर्कटिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त नाटो मिशन की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं।





### रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाएंगे ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखी बयानबाजी करते हुए क्यूबा पर हमले के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने क्यूबा को धमकाते हुए डील फाइनल करने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाने को 'अच्छा विचार' बताकर नया विवाद भी पैदा कर दिया है। ट्रंप का यह बयान उनकी ओर से दुनिया के कई देशों को दी जा रही धमकियों की कड़ी में आया है। अमेरिका हाल ही में वेनेजुएला में हमला कर चुका है। ट्रंप ने ईरान और ग्रीनलैंड पर अटैक की बात भी कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा से कहा है कि डील में ज्यादा देर करना उनके लिए बुरा साबित होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि क्यूबा को वेनेजुएला से तेल और पैसे का फ्लो अब बंद हो जाएगा।*

---

## जम गया गुलमर्ग का द्रंग झरना

**श्रीनगर।** जनवरी की शुरुआत से ही जम्मू कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सर्दी बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है, लेकिन हाड़ कपा देने वाली सर्दी में भी पर्यटकों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग और सोनमर्ग में पर्यटक सुंदर वादियों का मजा ले रहे हैं। इसी बीच बारामूला जिले के उत्तरी भाग में द्रंग झरना तापमान गिरने की वजह से जम गया है और इस मनमोहन दृश्य को देखने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ देखी।



---

## परीक्षण के दौरान एक मूविंग टारगेट पर लगा सटीक निशाना

# टैंक को खोजकर ध्वस्त करने वाली मिसाइल का परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा तकनीक में एक और बड़ी उपलब्धि। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्या नगर के केके रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। यह मिसाइल टॉप अटैक मोड में चलते हुए टारगेट (मूविंग टैंक) को मारने में पूरी तरह सफल रही। यह भारत की सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह आधुनिक मुख्य युद्ध टैंकों को आसानी से नष्ट कर सकती है। यह एक मिसाइल तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसका मतलब है कि सैनिक मिसाइल छोड़ने के बाद उसे गाइड नहीं करना पड़ता-मिसाइल खुद ही लक्ष्य को ढूंढकर मारती है। यह मिसाइल बहुत हल्की है, जिसे एक सैनिक आसानी से कंधे पर उठाकर ले जा सकता है।



मिसाइल का प्रक्षेपण

### सटीक लगा निशाना

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी ने इस टेस्ट को अंजाम दिया। टारगेट के रूप में एक थर्मल टारगेट सिस्टम इस्तेमाल किया गया, जिसे जोधपुर की डिफेंस लेबोरेटरी ने बनाया था। यह सिस्टम एक चलते हुए टैंक की तरह दिखता और महसूस होता है। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में चलते टारगेट को सटीक निशाना लगाकर सफलतापूर्वक नष्ट किया।

### ये हैं मुख्य विशेषताएं

- **टॉप अटैक मोडः** मिसाइल टैंक के ऊपर से (टॉप) हमला करती है, जहां टैंक की सबसे कमजोर जगह होती है (टैंक का ऊपरी हिस्सा पतला होता है)।
- **इमेजिंग इन्फ्रारेड होमिंग सीकरः** दिन और रात दोनों में काम करती है. यह थर्मल इमेजिंग से टारगेट को देखती है।
- **टैंडम वॉरहेडः** दो विस्फोटक हेड्स-पहला टैंक के रिएक्टिव आर्मर को तोड़ता है, दूसरा मुख्य बॉडी को नष्ट करता है। आधुनिक टैंकों को भी हरा सकती है।
- **ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल सिस्टमः** बहुत तेज और सटीक।
- **उच्च प्रदर्शन साइटिंग सिस्टमः** सैनिक को टारगेट साफ दिखाई देता है।
- **प्रोपल्शन सिस्टमः** तेज और दूर तक मार करने में सक्षम।
- **लॉन्च तरीकाः** ट्राइपॉड (तीन पैरों वाला स्टैंड) या सैन्य वाहन से लॉन्च की जा सकती है।

### मिसाइल बनाने में योगदान

- रिसर्च सेंटर इमरत (आरसीआई), हैदराबाद - सीकर और गाइडेंस
- टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ - वॉरहेड टेस्टिंग
- हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, पुणे - विस्फोटक सामग्री
- इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, देहरादून - साइटिंग सिस्टम

### रक्षा मंत्री ने दी बधाई



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, इंडस्ट्री और पार्टनर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डीआरडीओ चेयरमैन डॉ. समीर वी. कमत ने कहा कि यह सफल परीक्षण हथियार प्रणाली को भारतीय सेना में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

---

## छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे

# आस्ट्रेलिया ने भारत सहित कई देशों को 'हाई रिस्क कैटेगरी' में डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के छात्रों के लिए वीजा नियमों को सख्त करते हुए उन्हें 'हाई रिस्क' कैटेगरी में डाल दिया है। इन देशों को अब 'एविडेंस लेवल-2' से हटाकर 'लेवल-3' में रखा गया है, जिसका सीधा अर्थ है कि अब छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे और उनकी गहन जांच की जाएगी। इस बदलाव के तहत, भारतीय छात्रों के बैंक स्टेटमेंट्स का मैन्युअल वेरिफिकेशन होगा और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जाएगी। साथ ही, अंग्रेजी भाषा की दक्षता के लिए अतिरिक्त प्रमाण मांगे जा सकते हैं और वीजा अधिकारियों को संस्थानों से सीधे संपर्क करने का अधिकार होगा।यह कदम विशेष रूप से फर्जी वित्तीय और शैक्षणिक दस्तावेजों के बढ़ते मामलों को देखते हुए उठाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में लगभग 1.4 लाख भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों का एक बड़ा हिस्सा हैं। अमेरिका, यूके और कनाडा द्वारा विदेशी छात्रों के लिए नियम कड़े करने के बाद ऑस्ट्रेलिया में आवेदनों की संख्या बढ़ी है।

राष्ट्रीय युवा दिवसः सुभाष स्कूल में बच्चों ने कहा- हर दिन करना चाहिए योग, टीचर ने भी बताया था...

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस प्रदेश सहित पूरे भोपाल के संस्थानों, स्कूल-कॉलेजों में श्रद्धा और संकल्प के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। युवाओं ने जहां योग किया तो वहीं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया, जिनमें से प्रमुख था कि हम पहले अपने लक्ष्य तय करें और लक्ष्य प्राप्ति तक रुकें नहीं। इसके अलवा कॉलेजों में प्रभावशाली वक्तव्य हुए। वहीं एमएलबी कॉलेज में स्वदेशी अपनाने को लेकर रैली का आयोजन किया गया।


सुभाष स्कूल में योग करतीं स्कूली छात्राएं।

सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित

## राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में 4 सौ अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में सोमवार को सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सभी मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। साथ ही बच्चों ने प्राणायाम भ्रांमरी का अभी भी अभ्यास किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुछ बच्चों ने बताया कि हम पहले से ही घर में कुछ आसन करते थे। हमारे टीचर भी हमें योग प्राणायाम करने की सलाह देते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक दोनों फायदे होते हैं।

### किसने क्या कहा



**भ्रांमरी का अभ्यास भी कराया**

हमने सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। इसमें प्रमुख रूप से सभी मुद्राएं की थीं। प्राणायाम में भ्रांमरी का अभ्यास भी कराया गया। योग और आसन से शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ होते हैं।

**- श्रीकांत सेन, कक्षा 11 सुभाष स्कूल, भोपाल**

**हमारे टीचर ने भी बताया था**



हमने यहां सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में योग आसन किए। प्राणायाम भी किया। योग के संबंध में पहले भी हमारे टीचर काफी कुछ बताते रहे थे। हम घर पर भी करते हैं। इससे शरीर स्वस्थ होता है और मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिलता है। इसे सभी को करना चाहिए।

**- राशि यादव, कक्षा 9वीं, सुभाष स्कूल, भोपाल**

## एमएलबी कॉलेज में रन फॉर स्वदेशी के तहत भव्य रैली का आयोजन


एमएलबी में माल्यार्पण।


एमएलबी में रैली का आयोजन।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस महारानी लक्ष्मी बाई स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालयमें बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। प्रातः 10 बजे "रन फॉर स्वदेशी" उद्देश्य के तहत महाविद्यालय की छात्राओं ने विवेकानंद चौराहे पॉलीटेक्निक पर एक भव्य रैली का प्रदर्शन करते हुए "घर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी" के नारे लगाए। रैली में छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल और प्राध्यापक गण शामिल हुए। इसके बाद महाविद्यालय के सभागार में आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में डॉ. नीना जांगले विभागाध्यक्ष योग विभाग के निर्देशन में छात्राओं ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का समापन वनवासी कल्याण परिषद के संगठन मंत्री और प्रचारक तिलकराज दांगी के उद्बोघन से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल ने स्वामी योद्धा विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किए।कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन डॉ. सविता भार्गव ने किया।

## संस्कृत विवि में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस


संस्कृत विवि में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी चेतना, शारीरिक सुदृढ़ता तथा सामाजिक सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। शोभायात्रा विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर राजा भोज चौराहा तक गई। इसके अतिरिक्त परिसर में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## जीवन में विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करेंः कुलगुरु चौबे

स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित एनर्जी पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो एससी चौबे ने माल्यार्पण किया एवं उपस्थित जनमानस ने पुष्पार्चन किया।

इस अवसर उपस्थित प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं एनसीसी तथा एनएसएस के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो चौबे ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर पढ़ाई के साथ समाज एवं देश के प्रति भी अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए, हम अपने जीवन में लक्ष्य तय करे तथा उसकी पूर्ति होने तक रुकें नही स्वामी जी का यह विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो सविता व्यास, प्रो विनय थापर, प्रो सुरेश सिंह कुशवाह, प्रो असीम तिवारी प्रो आर के चिढार, प्रो के टी चतुर्वेदी प्रो भूपेंद्र सिंह सहित यू आईटी आरजीपीवी के विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।


आरजीपीवी में विवेकानंद की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण।

योग गुरु श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया संचालन

## एसपीएमः सूर्य नमस्कार व रन फॉर स्वदेशी में वंदे मातरम का मूल पाठ


एसपीएम में मनाई गई विवेकानंद जयंती।

सोमवार को राजधानी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सामूहिक सूर्यनमस्कार किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रन फार स्वदेशी कार्यक्रम तथा राष्ट्र गीत के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर वंदे मातरम के मूल पाठ के पूर्ण गायन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत प्रचार्य डॉ शालिनी सक्सेना द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का संचालन योग गुरु राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।

### श्री सत्य साईं कॉलेज में वार्षिक खेलकूद के साथ सूर्य नमस्कार



नेक द्वारा ए+ग्रेड प्राप्त श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में सभी प्राध्यापक एवं छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार भी किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह, प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ,विधि प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेई तथा आईक्यू एसी प्रभारी डॉ.नीना अरोरा द्वारा किया गया।

गहन अध्ययन से मिलती है विचार करने की शक्ति : महेश

## स्वामी विवेकानंद के जीवन का अध्ययन करने से मिलता है आत्मविश्वास :स्वामी नित्यपूर्णानंद

**भोपाल।** हम सभी के लिए आवश्यक है कि हम स्वामी विवेकानंद के जीवन का अध्ययन करें। उन्होंने युवाओं के लिए जो संदेश दिए हैं वे देश को एक नई दिशा देते हैं। युवाओं को निरंतर अपने देश और समाज के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। यह विचार माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के 45 फीट ऊंचे चित्र के अनावरण के अवसर पर आज रामकृष्ण परमहंस मिशन के स्वामी नित्यपूर्णानंद महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आलस्य करता है ईश्वर भी उसकी सहायता नहीं करते। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के कई प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला।

## आईईएचई में सेवा-सप्ताह का आयोजन



आईईएचई में सेवा सप्ताह का आयोजन।

**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा सेवा-सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें मार्गदर्शक की भूमिका संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने निभाई एवं संयोजन की बागडोर डॉ. प्रज्ञा गुप्ता नायक व डॉ. अमर प्रकाश पाण्डेय ने संभाली। सेवा-सप्ताह के अंतर्गत निबंध, भाषण, पोस्टर व स्लोगन, कविता-पाठ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही नुक्कड़ नाटक, जनजागरण रैली, वृद्ध जन सेवा अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर जैसी गतिविधियां भी संपन्न हुई।

### सांची विवि में यज्ञ एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार

**भोपाल।** सोमवार को सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में योग एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा यज्ञ एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी सूर्यनमस्कार और योग किया। योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उपेंद्र बाबू खत्री ने यज्ञ के वैज्ञानिक पक्ष से परिचित कराया। विवि के कुलसचिव प्रो. आरएन गुप्ता कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए।


सांची विवि में सूर्य नमस्कार।

### गायत्री शक्ति पीठ पर मशाल जलाकर लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ, भोपाल में युवाओं द्वारा भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने मशाल प्रज्वलन कर राष्ट्र, समाज और आत्मनिर्माण के लिए संकल्प लिया। पूरा वातावरण "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको" के ओजस्वी विचारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभाकांत तिवारी उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष रूप से अमर धाकड़ (सह-समन्वयक, मध्यप्रदेश), अनमोल पाठक, राम प्रकाश गुप्ता, शिवदयाल, पंकज, गोपाल तथा अभिषेक परमार (मीडिया प्रभारी) भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा ही भारत के भविष्य का निर्माता है।


गायत्री शक्तिपीठ का आयोजन।

भारतीय दंत चिकित्सव संघ का वार्षिकोत्सव

## डॉ. सौरव दांतरे ने संभाला आईडीए अध्यक्ष का पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय दंत चिकित्सक संघ भोपाल के वार्षिक उत्सव और चुनाव के दौरान डॉ. सौरव दांतरे ने 2026 की कार्यकारिणी का अध्यक्ष पद संभाल लिया है। डॉ. दांतरे इसके पहले आईडीए के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। डॉ. दांतरे ने बताया की उनके नेतृत्व में आईडीए दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दंत चिकित्सकों तक पहुंचाएंगे और भोपाल को दंत चिकित्सा के इलाज में अग्रणी स्थान दिलाएंगे। डॉ. अखिलेश जैन और डॉ. डी के जोशी ने चुनाव अधिकारी के रूप में हुए चुनाव में डॉ. वेदांत गुप्ता को सचिव और बाकी कार्यकारिणी की घोषणा की। वार्षिक उत्सव के दौरान डॉ संजीव बाजपेई, डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ. निशांत चौरसिया और डॉ. आलोक दीवान सहित वरिष्ठ दंत चिकित्सक मौजूद रहे।


डॉ. दांतरे।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जय ओंकार भिलाला समाज संगठन का नववर्ष एवं वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम भेल के रामलीला मैदान में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हीरालाल समाज के वरिष्ठजनों, अध्यक्ष डॉ पीएस पटेल, हरिसिंह दलोदिया, सहा. महाप्रबंधक एसबीआई, इन्दर सिंह जामोद, सहायक आयुक्त आबकारी, दीपक भिलाला जनसंपर्क भोपाल, श्रीराम मंडलोई, डॉ. दीपक ठाकुर, लक्ष्मी जयराम, पुष्पा पटेल आदि ने ओंकार जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में समाज के प अध्यक्ष बी एस जामोद, आयुक्त रीवा संभाग ने आनलाईन वर्चुअल माध्यम से अपने संबोधन में समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को समाप्त कर नवयुवकों एवं आने वाली पीढ़ी के लिए स्वस्थ रोजगारोन्मुखी माहौल तैयार करना समाज का दायित्व है। रायसेन जिले के नूरगंज के एंटरप्रेन्योर सौदान सिंह ततपाल ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की ओर जोर दिया। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवती परिचय, समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया, बच्चों के खेलकूद एवं रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया।


जय ओंकार भिलाला समाज संगठन का स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन।

### समाधान योजना में 31 तक मिलेगा सरचार्ज में छूट का लाभ

**भोपाल।** मप्र सरकार की समाधान योजना 25-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 25-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 03 लाख 61 हजार 068 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है।

## मकर संक्रांति पर जंबूरी मैदान में सजेगा आसमान, दो हजार पतंगों के साथ मनेगा भव्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मकर संक्रांति का पर्व इस बार विशेष उत्साह और सांस्कृतिक चमक के साथ मनाया जाएगा। शहर की समृद्ध परंपराओं को जीवंत करते हुए भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा पहली बार 'भोजपाल पतंग महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। त्योहार की मिठास और खुशी बांटने के लिए समिति ने विशेष इंतजाम किए हैं। महोत्सव में आने वाले लोगों को समिति की ओर से 2,000 पतंगें निःशुल्क वितरित की जाएंगी। उत्सव के दौरान लोगों के लिए तिल-गुड़ के लड्डू और गरमा-गरम खिचड़ी की महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### हेलीपैड मैदान में होगा पतंगबाजी का मुकाबला

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि पतंग महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को सुबह 10 बजे से अवधपुरी चौराहा स्थित हेलीपैड मैदान (भेल) में होगा। इस प्रतियोगिता में शहर भर के पतंगबाज अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करेंगे। अध्यक्ष यादव ने स्पष्ट किया कि पतंग महोत्सव में चाइनीज डोर (चाइनीज मांझा) का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी से हुआ, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया

# स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई, सांदीपनी स्कूल में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार, बड़ी संख्या में बच्चे-शिक्षकों ने लिया भाग


स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय औबेदुल्लागंज में सोमवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार करते विद्यार्थी और शिक्षक।

**विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शासकीय सांदीपनि विद्यालय औबेदुल्लागंज में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सोमवार को युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य चरण थे, राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद की वाणी तक मुख्यमंत्री का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम, आभार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्य चंद्रावती अतुलकर ने बताया कि प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों, मूल्यों और आदर्शों को बढ़ावा देना है।


स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दौड़ लगाते विद्यार्थी।

## वीर सावरकर कॉलेज में लगाई दौड़

नगर के वीर सावरकर महाविद्यालय में जन अभियान परिषद एव महाविद्यालय के समन्वय में विभिन्न संस्थाओं के बैनर तले स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने दौड़ का आयोजन भी किया। साथ ही स्वदेशी जागरण के तहत नगर के व्यापारी एव स्टूडेंट ने रन फॉर स्वदेशी दौड़ के माध्यम से स्वदेशी वस्तु अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान योग सामूहिक योग किया। कार्यकम में ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकर, नवंकुर सुनील सेरिया, मेंटर प्रेमनारायण सोनी, भूपेंद्र नागर, राजेश सैनी, डब्बू नगर, कमलेश मेघानी, योग टीचर जीतेन्द्र लोवंशी सहित कॉलेज का स्टाप एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।


स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।

## सिंधी समाज ने मनाया युवा दिवस

औबेदुल्लागंज के सिंधी समाज के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद स्वामी जी के द्वारा दिए गए विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर माधव वासवानी, मनोज मेघानी, जगदीश चंदानी, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, चिराग मेघानी, रमेश मेघानी, विक्की आडवानी, नीरज वासवानी, मोहित मेघानी, विजय वासवानी, हितेश मनवानी आदि लोग शामिल थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का किया आयोजन

राजाभोज शा. महाविद्यालय में सेवा सप्ताह का समापन


राजाभोज शासकीय महाविद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार करते विद्यार्थी।

**मंडीदीप।** राजाभोज शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कॉलेज परिषर में विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर आयोजित 'सेवा सप्ताह' का समापन किया गया। यह सप्ताह 6 जनवरी से 12 जनवरी तक चला, जिसमें युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करने के लिए भाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिता, विचार गोष्ठी तथा युवा संवाद में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय से सतलापुर क्षेत्र तक 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रन के दौरान प्रतिभागियों ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर जोर देते हुए जन-जागरण किया।

## खबर संक्षेप



### इलाज कराने आए किसान की सड़क हादसे में मौत, मर्ग कायम

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित तूमड़ा गांव में रविवार शाम बाइक फिसलने से घायल हुए किसान की मौत हो गई। वे इलाज कराने भोपाल आए थे। इलाज कराकर लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। उन्हें सिर में चोट होने के कारण भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश मीना (55) ग्राम झागरिया, थाना दोराहा, जिला सोहीर में रहते थे। वे किसान थे। उनका बैरागढ़ में एक डॉक्टर के पास इलाज चल रहा था। रविवार को ओमप्रकाश इलाज कराने बाइक से भोपाल आए थे। इलाज कराकर दवाई लेने के बाद वह शाम को अपने गांव झागरिया जाने के लिए निकले। तूमड़ा गांव पहुंचते ही टर्निंग पाइंट पर शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में ओम प्रकाश मीणा को सिर में पीछे बांई तरफ गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### भोजपुर में आयोजित मेले के लिए बैठकी और पार्किंग का हुआ ठेका

**औबेदुल्लागंज।** जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने बताया कि भोजपुर में मकर संक्रांति पर 14,15 एवं 16 जनवरी को आयोजित होने वाले मेले में मेला बैठकी का ठेका 55,000 में और पार्किंग का ठेका 25,000 रुपए में हुआ है। मेले की व्यवस्था जनपद और भोजपुर पंचायत द्वारा की जाएगी।

### देवेंद्र सिंह को नप के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाने रखा प्रस्ताव

**औबेदुल्लागंज।** ढाबा संघ



अध्यक्ष उद्योगपति व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू को नगर परिषद अध्यक्ष बनने के लिए नीरज चावला, सरदार मंजीत सिंह, विक्रम धाड़ी ने प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि देवेंद्र सिंह राजू सरल और सक्रिय नेता हैं, उनकी पत्नी भी नगर परिषद में पार्षद रह चुकी हैं, इनको अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 278 | 77 | 250 |
| रात: | 578 | 06 | 790 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 234 | 99 | 379 |
| रात: | 479 | 06 | 259 |

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गोंडीपुरा में हुई वारदात

# पत्नी को लेने ससुराल गए दामाद ने ससुर पर किया चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर घायल

*सात महीने से बच्चों को लेकर मायके में थी पत्नी, गला रेतने का प्रयास*

*पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गोंडीपुरा में रविवार रात पत्नी और बच्चों को लेने ससुराल पहुंचे युवक ने ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, पत्नी ने पति को साथ चलने से इंकार किया था। इस बीच ससुर और दामाद के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी दामाद ने ससुर का गला रेतने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार गोंडीपुरा कोलार रोड निवासी ओमप्रकाश वर्मा (62) ने करीब सात साल पहले अपनी बेटी की शादी सुनील नामक युवक से की थी। सुनील भी गोंडीपुरा में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उनके दो बच्चे हैं। घरेलू विवाद के कारण पत्नी दोनों बच्चों को लेकर करीब छह महीने से मायके में रह रही है। सुनील कई बार पत्नी-बच्चों को लेने ससुराल गया, लेकिन पत्नी ने साथ चलने से इंकार कर दिया।



### पत्नी ने चलने से किया इनकार

रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे भी सुनील ससुराल गया था। वहां एक बार फिर उसने पत्नी को घर चलने की बात कही, लेकिन उसने साथ चलने से इंकार कर दिया। इस पर ससुर ओमप्रकाश वर्मा ने दंपती के बीच हो रही कहासुनी में समझाइश देने की कोशिश की, जिससे विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर सुनील ने जेब से चाकू निकालकर ओमप्रकाश पर हमला कर दिया। ओमप्रकाश के गले में गहरी चोट आई है। हमला करने के बाद सुनील मौके से फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया।

### अज्ञात बदमाश ने युवक को चाकू से गोदा

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित निपानिया जाट-बैरसिया रोड पर गत 10 जनवरी की रात शराब पार्टी कर अपने दोस्त के साथ लौट रहे ठेकेदार पर अज्ञात बदमाश चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना रात करीब साढ़े से दस बजे के बीच की है। घटना के समय ठेकेदार अपने साथी के साथ बाइक से घर जा रहा था, तभी बदमाश ने एकाएक हमला कर दिया। सिर गौर गर्दन के पास चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस के अनुसार निपानिया जाट निवासी सचिन जाट (32) पुताई आदि का ठेका लेता है। वह शराब पीने का आदी है। विगत 10 जनवरी की रात वह अपने दो साथियों में धीरज और शुभम के साथ शराब पार्टी कर रहा था। पार्टी के बाद धीरज उन्हें छोड़कर घर चला गया। शुभम और सचिन ने पार्टी की और बाइक से घर जाने के लिए निकले। इसी बीच निपानिया जाट-बैरसिया रोड पर अज्ञात हमलावर ने बाइक पर बैठे सचिन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू उसे गर्दन और कान के पास लगा है। उसे गंभीर अवस्था में शुभम अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के पास दो कैमरे लगे हैं। उनमें से एक बंद है, जबकि एक कैमरे की रेंज मेनरोड तक नहीं है। पुलिस ने घायल के मौसा धर्मेन्द्र जाट (45) की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।



विश्व सिंधी सेवा संगम के इंटरनेशनल सम्मेलन में अतिथियों का सम्मान करते हुए।

सुरेश जसवानी सहित अनेक हस्तियां हुई शामिल

## अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन में रिश्ते मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधियों की अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था विश्व सिंधी सेवा संगम का 8वां इंटरनेशनल सम्मेलन का सिंधी भाषा में आपस में बात करने, हर हालत में समाज की एकता को कायम रखने, सेवा के क्षेत्र में आगे रहने के संकल्प के साथ समाप्त हुआ। इसके अलावा अपने बच्चों में आत्म विश्वास, अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करने पर भी जोर दिया गया। आगामी इंटरनोनल सम्मेलन जनवरी 2027 में जोर्डन में रखने का भी निर्णय लिया गया।

सम्मेलन में संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के महासचिव एवं सीनियर जनर्लिस्ट सुरेश जसवानी सहित देश विदेश की अनेक हस्तियों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में 29 मुल्कों के अलावा भारत देश की लगभग 250 से अधिक जानी मानी हस्तियां शामिल हुई। इस दौरान सिंधी भाषा, कला साहित्य व संस्कृति क उत्थान के अलावा आपसी रिश्ते मजबूत करने व कारोबार में भी सहयोग पर जोर दिया गया। समारोह का संचालन राजू मनवानी एवं विजय पाहूजा ने सयुंक्त रूप से किया।

प्रधान आरक्षक की मौत का मामला

## परिजनों को 1 करोड़ 45 लाख 63 हजार की क्षतिपूर्ति के आदेश

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के प्रधान आरक्षक की मौत के दावा मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 45 लाख 63 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश सड़क दुर्घटना करने वाली कार के स्वामी, कार चालक और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अरेरा हिल्स भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा प्रस्तुत किए मृत्यु के दावा मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह आदेश पारित किए हैं।

अधिवक्ता सनी हिंगोरानी के अनुसार बैरागढ़ कलां भोपाल निवासी शिवप्रसाद भिलाला (39) सीआरपीएफ में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। 2 नवंबर 2024 को शाम 7:30 बजे शिवप्रसाद अपने भाई के प्लॉट से स्कूटी से घर वापस आ रहे थे। मांगीलाल ढाबे के सामने कॉलेज के पास सारंगपुर की ओर से आ रही कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंते तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर संबंधित कार के चालक एवं मालिक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कराया था।

केंद्रीय मंत्री शिवराज होंगे आमंत्रित

## व्यापार महासंघ का मिलन समारोह 27 को तारानगर में

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ का मिलन समारोह 27 जनवरी को तारानगर में आयोजित होगा। अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित ने सोमवार को बताया कि हरिभूमि की खबर के असर के कारण व्यापार महासंघ ने मिलकर निर्णय लिया है कि व्यापार महासंघ का सम्मेलन 27 जनवरी को किया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के नेता राजकुमार पटेल सहित नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।






## दशहरा मैदान पर धर्म ध्वज स्थापित बसंत पंचमी पर होगा हिंदू सम्मेलन

सम्मेलन में 50 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर में सकल हिन्दू समाज द्वारा बसंत पंचमी पर विराट हिदू सम्मेलन आयोजित करने की तैयारियां जोरों चल रही है। इसके तहत सोमवार को सतलापुर रोड स्थित दशहरा मैदान पर दोपहर 2 बजे एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सकल हिंदू समाज के सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर धर्म ध्वज की स्थापना की।

आयोजकों ने इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न हिंदू संगठनों की टीमें मोहल्ला बैठकों, युवाओं और महिला शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। 23 जनवरी बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले सम्मेलन में 50 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। आयोजकों ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है, जहां धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को एक मंच पर लाकर सनातन परंपराओं को सशक्त करने का संकल्प लिया जाएगा। इस मोके पर बड़ी संख्या में नगर के सामाजिक कार्यकर्ता, हिन्दू सांगठनों के पदाधिकारी एवं युवा मौजूद रहे।


ध्वजा रोहण करते सकल हिंदू समाज के सदस्य।

### किशोर की संदिग्ध हालात में मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर चांदबाड़ी में 16 साल के किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गणेश गुप्ता मंटु गुप्ता (16) शंकर नगर, चांदबाड़ी में रहता था। उसके पिता और भाई वेंडर हैं और रेलवे स्टेशन पर पानी की बोतल बेचते हैं। शनिवार रात गणेश मां से चप्पल खरीदने के लिए तीन सौ रुपए मांगकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। देर रात करीब 12 बजे मोहल्ले में रहने वाले दीपक गणेश के परिजन को बताया कि वह मिट्टी के ढेर पर औंधे मुंह पड़ा हुआ है, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

वन भूमि पर कब्जा कर बनाया मकान, कर रहे खेती

# औबेदुल्लागंज वन मंडल के रेंज गौहरगंज में जोरों पर चल रही पेड़ों की अवैध कटाई और उत्खन्न का कार्य

*15 एकड़ वन भूमि पर अवैध पेड़ों की कटाई कर भूमि पर कब्जा किया*

*पांजरा सर्किल पर एवं साजड़ी में पेड़ों की अवैध कटाई कर बना रहे फर्नीचर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज वन मंडल के रेंज गौहरगंज में कंपार्टमेंट नंबर 831 पांजरा समनापुर सर्कल में पौधरोपण वाली भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया और खेती की जा रही है। वन विभाग की भूमि से पेड़ों की अवैध कटाई कराकर वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। हनुमान घाटी चौहान क्रेशर के पास 15 एकड़ वन भूमि पर पेड़ों की अवैध कटाई कर भूमि पर कब्जा किया है। वहीं गौहरगंज रेंज के पांजरा सर्किल पर एवं साजड़ी में हाथ आरा मशीन से अवैध कटाई कर फर्नीचर बनाकर बेचा जा रहा है। पांजरा और समनापुर में डिप्टी रेंजर और नाकेदार मिलकर साहीगली कंपार्टमेंट नंबर 860 कोपरा एवं अवैध उत्खनन जारी है। गौहरगंज रेंज के करकवानी पांजरा एवं आगरिया पीपल चौक बांधाचुआ आदि में पेड़ों की अवैध कटाई तथा अवैध उत्खनन जोरों पर जारी है।


अवैध पेड़ कटाई के बाद टूठ।


पोधरोपण की जगह पर उग रही फसल।

### जिम्मेदारों ने कहा

गौहरगंज रेंजर निलेश पवार ने फोन पर पूछा कि आपका गौहरगंज रेंज में पांजरा समनापुर सर्कल में भारी अवैध कटाई एवं वन भूमि पर कब्जा हुआ है एवं अवैध मकान बने हुए हैं, तो निलेश पवार ने कहा मुझे कुछ समय दो मैं स्वयं जाकर देखता हूं और कार्रवाई करूंगा। एसडीओ वन निकुंज पांडे ने बताया कि मैं जांच करवाता हूं। वहीं डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि यह गंभीर मामला है, मैं इसकी उच्च स्तर पर जांच करवाऊंगा। वन बचाओ समिति के सदस्यों ने मांग की है की पांजरा के डिप्टी रेंजर और नाकेदार की मिलीभगत से 2 साल से यह कारोबार चल रहा है कार्रवाई की जानी चाहिए।

पंचवटी ब्रिज के नीचे चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## श्री कृष्ण की आठ पटरानियों के साथ विवाह की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत गोरक्षा उत्थान समिति द्वारा पंचवटी ब्रिज के नीचे लाल घाटी भोपाल में श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के सातवे दिन आचार्य कृपा शंकर महाराज चित्रकूट धाम के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण और उनकी आठ पटरानियों की विवाह की कथा सुनाई। इस दौरान भगवान के विभिन्न रूपों के दर्शन झांकी के माध्यम से करवाया। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा विस्तार से सुनाई। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु सुदामा चरित्र सुनकर भावविभोज हो गए। सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम संरक्षक विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी भक्तों को धन्यवाद दिया।



कथा पंडाल में पहुंचे विधायक रामेश्वर का स्वागत करते हुए।

# साइंस सेंटर में विज्ञान और तकनीक का महापर्व 'साइंस फिएस्टा- 2026' का शुभारंभ

## सेव वाइल्ड लाइफ का संदेश देती प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्ट करनी है तो जंगली जीवों पर होने वाले हमलों को प्रत्यक्ष रूप से दिखाना होगा, साथ ही पैराकीट तोते को लोग अपने मनोरंजन के लिए पालते हैं, लेकिन इस प्रकार से स्वतंत्र रूप से घूमने वाले पक्षी के लिए यह चीज हानिकारक है, जिसमें मैकाऊ और कॉकाटू जैसे बड़े पक्षियों को लोग अपने मनोरंजन के लिए पालते हैं, जो पूरी तरह गलत है... ऐसी ही वाइल्ड लाइफ को आरएमएनएच- रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री द्वारा प्रदर्शित किया, जिसमें एक ओर बारासिंगा के सींगों को एग्जीबिट किया, वहीं मासाहांरी जानवर के सिर में घुसी हुई गोली से दर्शाया।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते स्कूली बच्चे।

### प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करें

सेव वाइल्ड लाइफ का संदेश देती इस प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक बीनिश राफत ने कहा कि इस प्रदर्शनी के द्वारा हम लोगों को सेव वाइल्ड लाइफ का संदेश देना चाहते हैं, ताकि लोग वास्तविकता देखकर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करें। साइंस सेंटर में आयोजित विज्ञान पर्व में विज्ञान और तकनीकि का महापर्व साइंस फिएस्टा 2026 आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. एस. के. जैन, कुलपति, बरकतउल्ला विवि द्वारा किया गया। इसके अलावा इस फिएस्टा में आइपर, आइसेक्ट, आईआईआईटी, आरआरसीएटी, आईएमडी, एचईजी, मैपकास्ट, क्रिस्प सहित करीब 17 संस्थाओं ने सहभागिता की।



### अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दी प्रेरणा

प्रो. एसके जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि भारत में विकसित वैज्ञानिक सोच और ज्ञान को केवल ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य तक सीमित रखने के बजाय वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की चुनौतियों से जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

### दलहन की पैदावार को बढ़ाना और कीटों से मुक्त रखने का संदेश देती प्रदर्शनी

वहीं प्रदर्शनी में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दलहनों पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। आईसीएआर के वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि दहलन के क्षेत्र में प्रथम स्थान रखने वाला मप्र में दलहनों को कीटों के प्रभाव से मुक्त रखने के लिए क्या प्रयास किए जाएं, जिसमें विद्यार्थियों को दलहनों की पैदावार को बढ़ावा देने से लेकर उन्हें कीटों से मुक्त रखने के प्रयासों की जानकारी दी गई।

## चार्ल्स और गैलुसाक के नियमों को प्रैक्टिकली किया प्रस्तुत

इंदौर से आए राजेंद्र धाकड़ ने प्रदर्शनी में गैसों के वैज्ञानिक सिद्धांतों को उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने बताया कि किस तरह नाइट्रोजन को –196 सेल्सियस पर तरल रूप में बदला जाता है और तापमान कम होने पर गैस का प्रतिरोध (रेजिस्टेंस) भी कम हो जाता है। उन्होंने चार्ल्स के नियम और गैलुसाक के नियम को समझाते हुए कहा कि निरंतर दबाव में गैस का आयतन तापमान बढ़ने के साथ बढ़ता है, जबकि स्थिर आयतन पर गैस का दबाव तापमान के समानुपाती बदलता है। धाकड़ ने इसे रोजमर्रा के उदाहरणों से



जोड़कर समझाया, जिससे जटिल विज्ञान आमजन के लिए सहज बन गया। एक उदाहरण में दिखाया कि जब एक पके हुए केले को -190 डिग्री सेल्सियस में रखा जाता है तो वो एक पत्थर जैसा धातु बन जाता है। जिससे एक कील को भी ठोक जा सकता है।

---

मानसरोवर प्रांगण में युवा महोत्सव, जुस्थ बैंड और कृष्णायन की भी परफॉरमेंस

# रश्मीत कौर की लाइव परफॉरमेंस पर खूब थिरके युवा

**करीब 20 हजार युवा प्रस्तुति देने पहुंचे**

*संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत की स्मृति में दिए अमृत वैद्यम पुरस्कार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगीन लेजर लाइट्स और धुएं के बीच मशहूर गायक रश्मीत ने जब अपना पहला गाना गाया तो ऐसा लगा मानो पूरा आसमान जमीन पर उतर आया हो। युवाओं का जोश और संगीत की थाप का तालमेल देखते ही बन रहा था।

कैमरे की नजर जहां तक जा रही थी बस युवा ही नजर आ रहे थे और जब 'बाजरे दा सिट्टा' मंच से गूंजा तो युवाओं के साथ मौजूद हर उम्र के नौजवान झूमते थिरकते नजर आए। मंच था मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के युवा महोत्सव का जहां करीब बीस हजार युवा प्रांगण रश्मीत की लाइव परफॉरमेंस के साथ जुस्थ बैंड की मॉडर्न बीट्स के तड़कों पर जमकर झूमे।


मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में युवा महोत्सव झूमते हुए युवा। इनसे में परफॉरमेंस देती रश्मीत कौर।


समारोह में पुरस्कार देते हुए अतिथि।

### कृष्णायन की प्रस्तुति के साथ सम्मान समारोह

इससे पहले मोहित शेवानी एवं समूह ने कृष्णायन की प्रस्तुति देते हुए युवाओं को द्वापर युग में पहुंचा दिया। युवा महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मानसरोवर हिनौतिया आलम प्रांगण में प्रातः के योगाभ्यास कार्यक्रम के साथ किया गया, जिसके बाद ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी स्मृति अमृत वैद्यम पुरस्कार के लिए चयनित वैद्य मंजूषा राजगोपाल, वैद्य उमा शंकर निगम और वैद्य अनुज जैन से संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मानसरोवर समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मानसरोवर समूह में भव्य युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां मशहूर गायक, नामचीन कवियों सहित विभिन्न विधाओं में पारंगत युवा मंच के माध्यम से हजारों युवाओं से रूबरू हुए। बाजरे दा सिट्टा से शुरू करते हुए रश्मीत ने भोले, आ मिले यार, नदियों पार, इश्क नचाए, ठुमकेश्वरी आदि गाने गाकर मंच लूट लिया।

## अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज के विजेताओं का सम्मान आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सम्मानित, विजेताओं के साथ होगी चाय पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भय नहीं, भ्रम नहीं, पूरा विश्वास, विरासत के साथ विकास के मूलमंत्र पर आयोजित डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज के 24 विजेताओं का सम्मान 13 जनवरी, शाम 4 बजे मुख्यमंत्री के निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं विजेता अभ्यर्थियों को सम्मानित करेंगे एवं सभी विजेताओं के साथ चाय पर चर्चा करेंगे।

वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि यह गौरव का झण है जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य विरासत को संरक्षित करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है सेवा भाव, सुशासन और दायित्वबोध के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास के दो सफल वर्ष पूर्ण किए हैं। परंपरा, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के सम्मान के साथ संस्कृति को केंद्र में रखकर प्रदेश निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज इसी दृष्टि का सशक्त माध्यम बना, जो युवाओं को हमारी सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और विकास यात्रा से जोड़ता है। इस आयोजन ने ज्ञान, उत्तरदायित्व और सहभागिता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि प्रदेश के विभिन्न आयुवर्ग, हर समुदाय, दूरस्थ अंचलों से अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज में लाखों लोगों ने भागीदारी की। आज मौका आया है उन तमाम युवाओं, छात्र-छात्राओं, बेटियों और बेटों के सम्मान का जिन्होंने अपने ज्ञान से मध्यप्रदेश में निरंतर हो रहे विकास को पहचाना। इसी कड़ी में 13 जनवरी को मुख्यमंत्री के निवास स्थित समत्व भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

---

**मप्र स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन**

# प्रदेश के 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स को प्रतिष्ठित सम्मान से किया सम्मानित


एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के पोर्टफोलियो स्टार्टअप्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन को मप्र स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड्स 2026 में प्रदेश के 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के बीच सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेटर के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप द्वारा एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोनाल्ड फर्नांडिस को प्रदान किया गया। यह दो दिवसीय भव्य आयोजन 11-12 जनवरी को रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित हुआ।

इस समिट में एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के पोर्टफोलियो स्टार्टअप्स ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर फाउंडेशन की प्रभावशाली भूमिका को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

# मानव संग्रहालय में 'टिबरिल मेस्लांग' का प्रदर्शन

## 'टिबरिल' चाय की केतली तथा 'मेस्लांग' उसे गर्म रखने वाली पारंपरिक अंगीठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मानव संग्रहालय में आयोजित की प्रदर्शनी**

मानव संग्रहालय में माह की प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत 'टिबरिल मेस्लांग- एक पारंपरिक चाय केतली' नामक प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रादर्श का समन्वय डॉ. उमेश कुमार झारिया, संग्रहालय एसोसिएट द्वारा किया गया है। प्रदर्शित वस्तु टिबरिल मेस्लांग झाम खांग समुदाय से संबंधित है, जिसका संकलन क्षेत्र लेह, लद्दाख है। डॉ. उमेश कुमार झारिया ने सभी को बताया की लद्दाख भारत का अत्यंत ठंडा पठारी रेगिस्तानी क्षेत्र है, जहां की पारंपरिक जीवन-शैली वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकसित हुई है। कठोर शीत जलवायु के कारण यहां चाय के बर्तन ऐसी सामग्रियों से बनाए जाते हैं जो ऊष्मा को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकें।



मानव संग्रहालय में माह की प्रदर्शनी श्रृंखला उपस्थित अतिथि।

### चायदानी, दोलटोक पत्थर अथवा धातु से बनती है



चाय की केतलियों को मुख्यतः उनकी सामग्री और उपयोग के आधार पर वगीकृत किया जाता है, जिनमें मिट्टी, तांबा और पीतल से बनी केतलियां प्रमुख हैं। साधारण मिट्टी की केतली लेह जिले के लिकिर गांव में स्थानीय मिट्टी से तैयार की जाती है, जिसकी टोंटी को पारंपरिक रूप से खमचू कहा जाता है। पत्थर एवं इनले की चायदानी दोलटोक पत्थर अथवा धातु (तांबा/पीतल) से बनाई जाती है तथा फिरोजा और मूंगे से अलंकृत होती है।

### लद्दाख के अनेक घरों में उपयोग में लाई जाती है 'टिबरिल मेस्लांग'

टिबरिल मेस्लांग में टिबरिल चाय की केतली तथा मेस्लांग उसे गर्म रखने वाली पारंपरिक अंगीठी या सिगड़ी को कहा जाता है। परंपरागत रूप से झाम खांग समुदाय द्वारा निर्मित मिट्टी की टिबरिल मेस्लांग लद्दाख के अनेक घरों में उपयोग में लाई जाती है, विशेष रूप से अधिक वसा एवं कैलोरी युक्त चाय को लंबे समय तक गर्म रखने के लिए। वहीं आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवार तांबे अथवा कांसे से बनी, पारंपरिक रूप से सुसज्जित केतलियों का प्रयोग करते हैं। लद्दाख की प्रसिद्ध नमकीन मक्खन वाली चाय गुर-गुर चा को परोसने के लिए टिबरिल का विशेष महत्व है। चाय की केतलियों में प्रयुक्त विभिन्न सामग्रियां परिवारों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का भी संकेत देती हैं।

---

**मुख्यमंत्री करेंगे पांच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का शुभारंभ**

# श्रीमहाकाल महोत्सव उज्जैन में 14 से 18 जनवरी तक मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन एक बार फिर भारतीय संस्कृति, कला और अटूट श्रद्धा के महोत्सव की साक्षी बनने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जनवरी को शाम 7 बजे श्रीमहाकाल महालोक उज्जैन में 5 दिवसीय 'श्रीमहाकाल महोत्सव' का शुभारंभ करेंगे। 18 जनवरी तक चलने वाला यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय के प्रांगण में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का अनूठा संगम होगा। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

**महालोक में पहली बार आयोजित होगा श्रीमहाकाल महोत्सव**

## महोत्सव में शंकर महादेवन अपने बेटों के साथ देंगे प्रस्तुति



### बौद्धिक विमर्शः 'शिव तत्त्व और महाकाल'

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ, 15 जनवरी को सुबह 10.30 बजे एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका विषय 'शिव तत्त्व और महाकालः पुरातिहास, साहित्य और संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में' रखा गया है, जहां विद्वान शिव तत्व की दार्शनिक गहराइयों पर प्रकाश डालेंगे। आमजन को इस भक्तिमय उत्सव में सहभागी होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

### लोक और जनजातीय कला का वैभव

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति के दर्शन होंगे। इसमें छिंदवाड़ा का भड़म, बैतूल का ठाट्या, धार का भगोरिया और सागर का बरेदी जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन होगा। साथ ही, प्रतिदिन निकलने वाली 'कला यात्रा' शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीमहाकाल लोक पहुंचेगी, जिसमें शिव बारात, डमरू वादन और मलखंब के रोमांचक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होंगे।

### शिव आराधना में सुरों की सरिता में दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

महोत्सव की मुख्य सभाओं में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार भगवान शिव की आराधना अपनी स्वर-लहरियों से करेंगे। 14 जनवरी को महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक शंकर महादेवन अपने पुत्रों सिद्धार्थ और शिवम के साथ 'शिवोऽहम्' की संगीतमय प्रस्तुति देंगे। 15 जनवरी को मुम्बई का प्रसिद्ध 'द ग्रेट इंडियन क्वायर' 'शिवा' थीम पर प्रस्तुति देगा। 16 जनवरी को सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा अपनी संगीत यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। 17 जनवरी को इंदौर के श्रेयश शुक्ला एवं मुम्बई के विपिन अनेजा व उनके बैंड की ओर से सुगम संगीत की प्रस्तुति होगी। 18 जनवरी को महोत्सव का समापन इंडोनेशिया (कोकोरदा पुत्रा) और श्रीलंका (अरियारन्ने कालूराच्ची) के दलों की ओर से प्रस्तुत 'शिव केंद्रित नृत्य नाटिका' से होगा, जो महोत्सव के अंतरराष्ट्रीय विस्तार को दर्शाएगा।

# सुरों से जुड़ा यह सफर सिर्फ संगीत नहीं, भावनाओं का उत्सव है...

**सुर संदेश कराओके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुरमई गीतों सजी संध्या**


सुरमई गीतों से सजी महफिल में उपस्थित कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब दिलों में संगीत बसता है, तो हर मंच परिवार बन जाता है... इन्हीं पंक्तियों को साकार करता सुर संदेश कराओके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुरमई गीतों से सजी महफिल का आयोजन हाल ही में किया गया।

सुरों से सजे गीतों से लेकर अंतिम सुर तक, हर कलाकार ने यह दिखाया कि उम्र, पेशा या पहचान नहीं, जज्बा और समर्पण ही असली कलाकार की पहचान हैं। जहां इस प्रस्तुति में मंच पर गूंजे हर गीत में मेहनत की झलक नजर आई तो वहीं हर ताल में आत्मीयता की सुगंध ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और इस तरह हर प्रस्तुति में दिल से निकली सच्ची भावना नजर आई। आयोजक संदेश घुसे ने कहा कि सपनों को अगर सुर मिल जाएं, तो वे भी गीत बन जाते हैं। कार्यक्रम में ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों को अपनी आवाज देकर सुरमई शाम को ओर भी सुहाना बना दिया।



# पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी और बेटे से मुलाकात

**मुंबई।** वरुण धवन फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी। आज वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीवीसी होशियार सिंह दहिया के परिवार से हुई मुलाकात की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 में कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है। वरुण ने पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी श्रीमती धनो देवी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमाल दहिया से हुई मुलाकात की। जिसकी कुछ खास तस्वीरें वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इसके साथ ही वरुण ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

लाइफ Style

# श्रिया

## साझा की शूटिंग से बीटीएस तस्वीरें

प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के रूप में सामने आएगी। मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग इन दिनों चल रही है। शूटिंग से कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ चुके हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब सीरीज का हिस्सा रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने शूटिंग से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें पहली तस्वीर में क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर फिल्म का नाम 'मिर्जापुर द फिल्म' लिखा हुआ है। साथ ही स्क्रिप्ट रखी हुई है, जिस पर स्वास्तिक बना हुआ है और क्लैप बोर्ड व स्क्रिप्ट पर फूल चढ़े हुए हैं। इससे पता चलता है कि यह मुहूर्त शॉट की तस्वीर हो सकती है। इसके साथ ही श्रिया ने एक और तस्वीर भी साझा की है। इसमें पूजन हो रहा है और फिल्म की पूरी कास्ट व क्रू मौजूद है।

इसके साथ ही श्रिया ने कैप्शन में लिखा है, 'आठ साल बाद अंदाजा लगाइए कौन मौत के मुंह से वापस लौट आया है? श्रिया के कैप्शन के बाद अब ये साफ हो गया है कि मिर्जापुर के दूसरे सीजन में मर चुके मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा, 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापसी कर रहे हैं। श्रिया ने जो फिल्म की कास्ट की तस्वीर साझा की है, उसमें दिव्येंदु शर्मा भी नजर आ रहे हैं। अब श्रिया के कैप्शन और इस तस्वीर से फैंस को ये कंफर्मेशन मिल गई है कि मुन्ना भैया का किरदार 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापस आ रहा है। जाहिर है कि मुन्ना भैया शो का सबसे लोकप्रिय किरदार है।



## हॉलीवुड मसाला



# द ब्लफ में बनीं समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' में एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया, जिसमें 'ब्लडी मैरी' के दमदार लुक में प्रियंका को देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं और फिल्म की रिलीज के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म के कुछ सेकंड की झलक में प्रियंका ने एर्सेल ब्लडी मैरी के किरदार में सभी को चौंका दिया है। 'द ब्लफ' के टीजर में प्रियंका को एक खतरनाक समुद्री डाकू के किरदार में दिखाया गया है।




# पहनी भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा आयोजित सेलिब्रेट अवार्ड्स सीजन 2026 और गोल्डन ग्लोब में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। खास बात यह है कि इस इवेंट में जेनिफर ने भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी पहनीं। जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की ओर से आयोजित अवार्ड्स सीजन 2026 की पार्टी में बहुत शानदार लुक में हिस्सा लिया। उन्होंने 'शीयर एंड स्पार्कल' थीम के साथ जुहैर मुराद के काउचर गाउन और सब्यसाची की हाई ज्वैलरी पहनी। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन ग्लोब्स 2026 की शुरुआत भी सब्यसाची की ज्वेलरी पहनकर की। गोल्डन ग्लोब्स से पहले की पार्टी में जेनिफर ने सब्यसाची की खूबसूरत ज्वैलरी पहनी।



# मर्दानी-3 में दिखा रानी का दबंग अंदाज

**मुंबई।** सोमवार को रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ। एक बार फिर वह दबंग पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इस बार उनका किरदार जिस केस को वह हैंडल करेगा, वह काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में रानी मुखर्जी के एंट्री अपने पुराने किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के तौर पर होती है। शिवानी को इस बार एक नया केस सॉल्व करने को दिया जाता है। इस बार वह लापता लड़कियों को बचाने और खोजने के मिशन पर हैं। एक बार इस फिल्म में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। फिल्म शैतान फेम जानकी बोड़ीवाला ने भी एक अहम किरदार इसमें निभाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में इस बार विलेन के तौर पर एक महिला नजर आती हैं।



# बॉर्डर-2 का तीसरा गाना जाते हुए लम्हों...

**मुंबई।** अपनी रिलीज से पहले ही सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' चर्चाओं में बनी हुई है। 'घर कब आओगे' गाने की सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का एक और नया गाना लेकर आए हैं। खास बात ये है कि यह गाना भी 'बॉर्डर' फिल्म के ही गाने का री-क्रिएटेड वर्जन है। मेकर्स ने सोमवार को 'जाते हुए लम्हों' गाना रिलीज किया है। जाते हुए लम्हों' के इस री-क्रिएटेड वर्जन को विशाल मिश्रा ने गाया है। साथ में गाने में ओरिजनल सॉन्ग के सिंगर रूप कुमार राठौड़ की आवाज भी सुनाई देती है। 'घर कब आओगे' गाने की तरह ही इस गाने को भी मिथुन ने ही कंपोज किया है। जबकि 'बॉर्डर फिल्म में इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था और अनु मलिक ने कंपोज किया था।

## टीवी मसाला




# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे किए 2000 एपिसोड

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके 2000 एपिसोड पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एकता कपूर ने खुशी जाहिर की है। लोकप्रिय सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच इसके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मूल रूप से साल 2000 में शुरू हुए इस शो के दो हजार एपिसोड पूरे हो चुके हैं। पूरी टीम ने इसका जश्न मनाया है। साथ ही शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने शो के शुरुआत से लेकर अब दूसरे सीजन तक की यात्रा के पलों को इस वीडियो में दिखाया है। इसके साथ लिखा है, 'हमें 2000 एपिसोड पूरे करने में 25 साल लग गए! सिर्फ इस माइलस्टोन को पूरा करने के लिए, हमने 25 साल पुराने शो को वापस लाने का फैसला किया। आप सभी का आभार। खासकर मां का, अमर उपाध्याय, स्मृति ईरानी, राजुभाई, तनु, अनंतिका, सिद्धार्थ, वरुण, प्रभजोत, श्वेता, धीरज और बालाजी का। इसके अलावा 'क्योंकि...' की पूरी टीम का आभार'। एकता कपूर ने आगे लिखा है, 'मैं स्टार परिवार में सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उदय सर केविन सर सुमंतो दीपक अजय और पूरी स्टार टीम को। यह शो के लिए एक छोटी यात्रा है... हम ऐसा ही चाहते थे, लेकिन... हमने इस 2000 को और आगे बढ़ाया है। कुछ और एपिसोड के लिए। प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी की हमेशा आभारी रहूंगी। जय माता दी। जय श्री कृष्णा, जय बालाजी'।

## प्रशांत की आखिरी फिल्म बैटल ऑफ गलवान

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल 3' के विनर प्रशांत तमांग अब इस दुनिया में नहीं हैं। स्ट्रोक ने उनकी जान ले ली। वो अपने पीछे तमाम यादें छोड़कर गए हैं। उन्होंने सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' में काम किया है। अब



उनके गुजरने के बाद ये उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो 17 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रशांत तमांग दिल्ली के जनकपुरी में अपने घर पर थे। परिवार का कहना है कि वो रात में अच्छी तरह से सोए थे, लेकिन सुबह उठ नहीं पाए। फैमिली ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से भी इनकार किया है। उनकी पत्नी गीता थापा उन्हें द्वारका के हॉस्पिटल लेकर गईं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वो अपने पीछे 4 साल की बेटी आरिया को भी छोड़कर गए हैं। प्रशांत 'इंडियन आइडल' में आने से पहले कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की मौत के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़कर ये पद संभाला था। फिर दोस्तों के कहने पर उन्होंने सिंगिंग रिएलिटी शो में पार्टिसिपेट किया।

# आमिर को सुनील समझ उनके ही ऑफिस से निकाला...

**मुंबई।** आमिर खान और वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेल' 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। इस मूवी का एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया है, जहां पर एक्टर को सुनील ग्रोवर समझकर उनके ही ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बीते एपिसोड में जब कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे आए थे, तब सुनील ग्रोवर ने आमिर खान का गेटअप लिया था और एकदम उनके जैसे ही एक्ट करके सबको चौंका दिया था। उनकी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने उन्हें असली एक्टर से बेहतर बताया था। साथ ही फैंस इंतजार कर रहे थे कि सुनील और आमिर का आमना-सामना हो। लोगों की चाहत पूरी हुई और दोनों को एक साथ देखा गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैप्पी पटेल' का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी के प्रमोशनल वीडियो में उन्हें सुनील ग्रोवर के साथ देखा गया, जो 'दंगल' एक्टर की मिमिक्री करते नजर आए। लेकिन इस दौरान कॉमेडियन ने एक्टर को उनके ही ऑफिस से बाहर निकलवा दिया, जिसे देख हर कोई हंसी से लोटपोट हो रहा है। आमिर खान के सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सुनील ग्रोवर एक कमरे में बैठे कुछ लिख रहे होते हैं। और वह एकदम एक्टर के लुक में नजर आते हैं। तभी वीर दास आते हैं और वह उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। कहते हैं कि वह आमिर नहीं। थोड़ा अलग लग रहे हैं। इसके बाद वह दोनों बैठते हैं और बात करते हैं और सुनील उन्हें बोनस चेक भी दे देते हैं।



# सिंगर कुमार सानू ने प्रेमानंद जी महाराज को सुनाया 'तुम देना साथ' गाना...

**मुंबई।** एक तरफ सिंगर कुमार सानू की पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई चल रही है, और दूसरी तरफ वो प्रेमानंद जी महाराज की शरण में जा पहुंचे हैं। उन्होंने पहले तो महाराज जी को अपना गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। फिर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिंगर कुमार सानू पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई के बीच वृंदावन जा पहुंचे हैं और उन्होंने प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की है। पहले तो कुमार सानू ने उन्हें गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। प्रेमानंद जी भी उनके गाने को ध्यान से सुन रहे थे और वो भी मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में महाराज जी ने उनकी खूब तारीफ की। प्रेमानंद जी ने उनसे कहा, 'हमारी सांसें बहुत कीमती हैं। आपने 50 साल में जो ऐश्वर्या कमाया, ऐसी कीमती सांसों में हम भगवान का नाम लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। शिव की चाह है तो उनका नाम लेते रहिए।' लोगों ने वीडियो पर राधे-राधे लिखकर प्यार जताया है। कुमार सानू ने पत्नी के खिलाफ जो याचिका दायर की, उसमें दावा किया गया है कि रीटा भट्टाचार्या ने विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म पर इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कुमार सानू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान उन्होंने उन्हें भूखा रखा, रसोई को बंद कर दिया, दूध और चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा और प्रेग्नेंसी के दौरान अदालती कार्यवाही की। कुमार सानू ने दो बार शादी की है। उनकी पहली शादी 1986 में रीटा भट्टाचार्या से हुई थी, जिनके साथ उनका तलाक में हो गया। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक का नाम जान कुमार सानू है। कुमार सानू फिलहाल सलोनी भट्टाचार्य से शादीशुदा हैं, जिनसे उन्होंने 2001 में शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं।



## मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने किया होस्ट

# वन बैटल आफ्टर अनदर बनी बेस्ट फिल्म, एडोलसेंस का दिखा जलवा

*लॉस एंजिल्स। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 का ऐलान हो गया है। हालांकि, इस बार किसी भी भारतीय फिलम या टीवी सीरीज को कोई नॉमिनेशन नहीं मिला, लेकिन इस इवेंट में देश की मौजूदगी जरूर थी। बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा बनीं। भारतीय समय के अनुसार, 12 जनवरी को सुबह 6.30 बजे अवॉर्ड शो शुरू हुआ। इसमें साल 2025 में फिल्म और अमेरिकन टेलीविजन शो को सम्मानित किया। सेरेमनी में पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर और जैक थॉर्न-स्टीफन ग्राहम की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस ने सबसे अधिक 4-4 अवॉर्ड अपने नाम किए। डायरेक्टर क्लो झाओ की बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा हैमनेट को बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा का अवॉर्ड मिला, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर वन बैटल आफ्टर अनदर ने बेस्ट मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता।*

*गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने होस्ट किया। यह इस अवॉर्ड शो की उनकी लगातार दूसरी होस्टिंग थी। सेरेमनी में ब्राजील के हिस्टोरिकल पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म द सीक्रेट एजेंट ने बेस्ट मोशन पिक्चर: नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज और बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर: ड्रामा (वैगनर मौरा), जैसे 2 बड़े अवॉर्ड जीते। जबकि बेस्ट पिक्चर के अलावा, हैमनेट के लिए जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – ड्रामा का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिला।*




## डॉन चेडले और जॉर्ज क्लूनी की मस्ती

एक्टर डॉन चेडले मंच पर 64 साल के जॉर्ज क्लूनी के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इवेंट में मौजूद टिमोथी चालमेट से उनकी उम्र पूछी। टिमोथी ने बताया कि वो 30 साल के हैं। इस पर डॉन, साथ खड़े जॉर्ज क्लूनी से बोले- 'आखिरी बार जब तुमने गोल्डन ग्लोब जीता था तब टिमोथी मात्र 3 साल का था।'

## बेबी बंप के साथ स्टेज पर अवॉर्ड देने पहुंचीं हैली स्टैनफेल्ड

अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टैनफेल्ड रेड कारपेट पर बेबी बंप के साथ नजर आईं। वे स्टेज प्रेजेंटर भी बनीं। उन्होंने बेस्ट लिमिटेज सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज और मोशन पिक्चर का अवॉर्ड अनाउंस किया।

***'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/ कॉमेडी*** : 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा, बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी।

## टिमोथी और रोज़ को बेस्ट एक्टर-बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

समारोह के दूसरे बड़े विजेताओं में 'मार्टी सुप्रीम' के लिए टिमोथी चालमेट (बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी), 'इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू' के लिए रोज़ बर्न (बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी) को अवॉर्ड मिला। 'द पिट' को बेस्ट टेलीविजन सीरीज – ड्रामा का अवॉर्ड दिया गया, और 'द स्टूडियो' को बेस्ट टीवी सीरीज – म्यूजिकल या कॉमेडी का पुरस्कार मिला।

### सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर- ड्रामा : हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडी: वन बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – ड्रामा: वैगनर मौरा (द सीक्रेट एजेंट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – ड्रामा: जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडी: टिमोथी चालमेट (मार्टी सुप्रीम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडी: रोज बायरन (इफ आई हैड लेग्स आई'ड किक यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता मोशन पिक्चर: स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री मोशन पिक्चर: टेयाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म: के-पॉप डेमन हंटर्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/म्यूजिकल/कॉमेडी: सेठ रोजन (द स्टूडियो)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री टेलीविजन- एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता टेलीविजन- ओवेन कूपर (एडोलसेंस)
बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर - मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर...)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर- स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/ड्रामा- नोआ वाइल (द पिट)

# बार्सिलोना ने फिर जीता स्पेनिश सुपर कप का खिताब

## रियल मैड्रिड को हराया, राफिन्हा ने दागा विजयी गोल

एजेंसी ▸▸ जेद्दा

राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।




पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे। बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए।

# एफए कप से बाहर मैनचेस्टर यूनाइटेड, ब्राइटन से हारी

एजेंसी ▸▸ मैनचेस्टर

मुख्य कोच रुबेन अमोरिम को बर्खास्त करने बाद भी मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रदर्शन में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ और उसकी टीम ब्राइटन से 2-1 से हारकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम और 13 बार की एफए कप विजेता मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण पिछले सप्ताह ही अपने मुख्य कोच रुबेन को पद से हटा दिया था।

ब्राजन ग्रुडा ने 12वें मिनट में ब्राइटन को बढ़त दिलाई। इसके बाद यूनाइटेड के पूर्व स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने 64वें मिनट में ब्राइटन की तरफ से दूसरा गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। यूनाइटेड की तरफ से बेंजामिन सेस्को ने अंतिम समय में गोल किया, जिससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इस बीच आर्सेनल ने गैब्रियल मार्टिनेली की हैट्रिक की मदद से पोर्ट्समाउथ के खिलाफ 4-1 की जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। लीड्स ने डर्बी को 3-1 से हराया जबकि तीसरी श्रेणी की टीम मैन्सफील्ड ने प्रीमियर लीग की प्रमुख टीम शेफील्ड यूनाइटेड को 4-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। एकअन्य मैच में नॉर्विच ने वॉल्सॉल को 5-1 से हराया।

### प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम, 13 बार जीत चुकी खिताब



## खबर संक्षेप



### कोहली पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीरः जैमीसन

**वडोदरा।** विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जैमीसन इस भारतीय बल्लेबाज के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं और उनका मानना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर होती है। कोहली रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में इस प्रारुप में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक बनाने के करीब थे, लेकिन जैमीसन ने उन्हें 93 रन पर आउट कर दिया। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। जैमीसन ने कहा कि यह निर्धारित करना मुश्किल है कि यह भारतीय बल्लेबाज इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है या नहीं। जैमीसन ने कहा, ' यह कहना मुश्किल है कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या नहीं। वह लंबे समय से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कोहली देते हैं अपने बल्ले से जवाब : अय्यर


**वडोदरा।** श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह चैंपियन क्रिकेटर बरसों से अपने बल्ले से जवाब दे रहा है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे



श्रृंखला के पहले मैच में खेली गई शानदार पारी शामिल है। अय्यर ने कहा ,'उनकी पारी के बारे में जितना भी बोलें, कम होगा। हम इतने सालों से देख रहे हैं और वह लगातार कर रहे हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं और गेंदबाजों की धुनाई करते हैं, वह अपने बल्ले से ही जवाब देते हैं।' अय्यर ने कहा,' श्रृंखला की शुरुआत जीत के साथ करके अच्छा लगा। टीम में काफी समय बाद लौटा हूं और बहुत अच्छा लग रहा है। सभी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव है। मुझे इसकी कमी खल रही थी और वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है।'

### राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी अहमदाबाद में फिर शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी (एनओए) को 'औपचारिक रूप से फिर से शुरू करने' की घोषणा की, जिसकी कमान आईओए अध्यक्ष और पूर्व दिग्गज धाविका पीटी उषा संभालेंगी। इसे भारत




में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। आईओए ने साथ ही कहा कि राष्ट्रीय ओलंपिक शिक्षा एवं विकास कार्यक्रम (एनओईडीपी) भी शुरू किया जाएगा। आईओए ने कहा, 'आईओए की आम सभा ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पीटी उषा को राष्ट्रीय ओलंपिक अकादमी का अध्यक्ष और आईओए के उपाध्यक्ष तथा ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग को अकादमी के निदेशक के रूप में मंजूरी दी है।' गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में भारत सेंटर ऑफ ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन (बीसीआरओई) था।

## विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई को 54 रन से करना पड़ा हार का सामना

# कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पड़िक्कल और नायर ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

गत चैंपियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिए मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिए 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।



### सरफराज टूर्नामेंट से बाहर

इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान ऊंगली में चोट के कारण उसके शीर्ष बल्लेबाज सरफराज खान (303 रन) टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी गैर मौजूदगी में मुंबई आठ विकेट पर 254 रन ही बना सके। शम्स मुलानी ने 86 रन बनाए जबकि सिद्धेश लाड ने 38 रन का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अभिलाष शेट्टी और विद्वत कावेरप्पा ने दो-दो विकेट चटकाए।

### सौराष्ट्र सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे।

#### अभिषेक और रिज्वी ने जड़े अर्धशतक

उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी (88) और समीर रिज्वी (88) ने अर्धशतक जड़े। गोस्वामी ने अपनी पारी में 12 चौके मारे जबकि समीर ने 10 चौके और दो छक्के जड़े। समीर ने प्रशांत वीर (30) के साथ 50 जबकि गोस्वामी के साथ 45 रन की साझेदारी की। कप्तान रिंकू सिंह (13) ने हालांकि निराश किया। प्रियम गर्ग ने भी 35 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने 54 रन पर तीन विकेट चटकाए। अंकुर पंवार और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट चटकाए।

क्रिकेट

# न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर वाशिंगटन, बडोनी की टीम में एंट्री



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर वडोदरा में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए।

इसके बाद वह क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। वाशिंगटन की जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'वाशिंगटन अपनी बायीं पसली के निचले हिस्से में तकलीफ होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे।' वाशिंगटन चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते साइड स्ट्रेन के कारण मौजूदा श्रृंखला से बाहर हो गए थे, जबकि तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उन्हें ग्रोइन की चोट के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।

### बडोनी को किया वनडे टीम में शामिल

वाशिंगटन सुंदर को वनडे सीरीज के बाकी दो मैचों से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह टीम में आयुष बदोनी को शामिल किया गया है। आयुष बदोनी को पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल किया गया है। आयुष बदोनी घरेलू स्तर पर दिल्ली के लिए खेलते हैं, जो दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं साथ ही वो दाहिने हाथ से ही स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। आयुष ने अब तक 21 फर्स्ट क्लास मैचों में 1681 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं और इन मैचों में उन्होंने 22 विकेट भी लिए हैं। आयुष ने अब तक खेले 27 लिस्ट ए मैचों में 693 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल हैं और उनके नाम पर कुल 18 विकेट दर्ज हैं।


एएसबी क्लासिक

# भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।



### भांबरी-गोरानसन ने बनाया दबदबा

भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

## पेशे से डॉक्टर, बॉडी बिल्डर कविता ने रजत पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर



सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में सेवारत वरिष्ठ बाल नेत्ररोग विषेषज्ञ डॉ. कविता गुप्ता ने गतदिवस हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने की सफलता हासिल की है। डॉ. कविता गुप्ता के कोच देवेन्द्र नाहर ने उन्हें प्रेक्टिस करवाई थी। श्री नाहर विगत 20 वर्षां से सतत मार्गदर्षन करते हैं। डॉ. कविता ने फिटनेस 365 जिम में प्रषिक्षण प्राप्त किया था। इस जिम की संचालक हुज़ैफा कुरैशी और सोनम धीर कुरैशी हैं। ज्ञातव्य है कि डॉ. कविता गुप्ता दो वर्ष पहले भी मुम्बई में आयोजित नेचुरल नेषनल बाडी बिल्डिंग चैम्पियनषिप में प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता था। पेशे से नेत्र रोग विषेषज्ञ होने के बावजूद खेलकूद में उनकी रूचि बहुत गहरी है। शारीरिक सौष्ठव के लिये वे सुबह 4 बजे से भोपाल से साइकिलिंग करते हुए आष्टा तक जाकर वापस लौट आती हैं।

# श्रीलंका ने घरेलू मैदान में 14 साल बाद चखा जीत का स्वाद, पाक को दी मात

एजेंसी ▸▸ दांबुला

कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस



जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने केवल 12 गेंदों में 45 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाजों मथीशा पथिराना (34 रन देकर दो विकेट) और ईशान मलिंगा (27 रन देकर एक विकेट) ने आखिर में दो किफायती ओवर फेंके जबकि हसरंगा ने 35 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाई। श्रीलंका की पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2012 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहली जीत है। पाकिस्तान ने पहला टी20 मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद दांबुला में दूसरा मैच बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया था।

## महिला प्रीमियर लीगः नवी मुंबई में मैच शाम 7.30 बजे से होगा शुरू

# मुंबई इंडियंस को गुजरात जायंट्स से मिलेगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई

अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार 13 जून को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है, जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। कप्तान एशले गार्डनर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और खुद उनके अनुसार वह डब्ल्यूपीएल के चौथे सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थीं।



### मुंबई इंडियंस बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध

मुंबई इंडियंस ने भी पहले मैच में हार के बाद अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था और वह उसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी सबसे बड़ी मैच विजेता नैट साइवर ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 42 गेंदों में 74 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आ रहा है और इसका श्रेय मैं भारतीय टीम को देती हूं। हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है, जिससे हमें खुलकर बल्लेबाजी करने की आजादी मिलती है।

### टीमें इस प्रकार

**गुजरात जायंट्सः** एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, टिटास साधु, काशी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यास्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी व्याट-हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़, आयुषी सोनी।

**मुंबई इंडियंसः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, कमलिनी, अमेलिया केर, शबनीम इस्माइल, संस्कृति गुप्ता, सजना सजीवन, राहिला फिरदौस, निकोला कैरी, पूनम खेमनार, त्रिवेणी वशिष्ठ, नल्ला रेड्डी, सैका इशाक, मिल्ली इलिंगवर्थ।




## खबर संक्षेप

### रीवा-सीएसटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे फरवरी तक बढ़े

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और बढ़ती यात्रा मांग के कारण रेलवे प्रशासन ने भोपाल मंडल होकर संचालित रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा इस स्पेशल ट्रेन के दोनों दिशाओं में 7-7 अतिरिक्त ट्रिप स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत यह ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरुवार 26 फरवरी तक तथा मुंबई से प्रत्येक शुक्रवार 27 फरवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। इस फैसले से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**रीवा से मुंबई जाने वाली ट्रेन का समय:** गाड़ी संख्या 02187 (रीवा-सीएसएमटी स्पेशल) प्रत्येक गुरुवार को रीवा स्टेशन से 15:50 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन इटारसी स्टेशन पर 23:20 बजे पहुंचेगी और अगले दिन 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई पहुंचेगी।

**मुंबई से रीवा लौटने वाली ट्रेन का विवरण:** गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सीएसएमटी से 01:30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन 01:15 बजे इटारसी पहुंचेगी और सुबह 09:45 बजे रीवा पहुंचेगी।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने ड्राइवर से 1 लाख 21 हजार रुपए की ठगी

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित सायबर जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ड्राइवर को वाट्सएप कॉल कर 1 लाख 21 हजार रुपए की ठगी कर दी। आरोपी ने उनसे वाट्सएप कॉल कर अकाउंट संबंधी जानकारी ली और ओटीपी के माध्यम से खाते से ट्रांजेक्शन कर लिया। ड्राइवर ने घटना की शिकायत सायबर क्राइम ब्रांच की हेल्प लाइन 1930 पर की थी। कमला नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तेजेंद्र सिंह पाल कोटरा में रहते हैं और प्राइवेट गाड़ी चलाते हैं। उनके पास गत 8 जनवरी को कॉल आया। कॉलर ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही। तेजेंद्र सिंह पाल क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने तैयार हो गए। जालसाज ने उनसे अकाउंट की जानकारी ली। जानकारी देते ही उनके पास ओटीपी आया। सालसाज ने ओटीपी मांगा और तेजेंद्र ने उन्हें ओटीपी दे दिया। ओटीपी मिलते ही जालसाज ने उनके खाते से 1 लाख 21 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया।

2289 मतदान केंद्रों के हिसाब से तैयार की गई नई वोटर लिस्ट

# दो लाख वोटर्स के वोटर कार्ड में दर्ज रहेगा पुराना मतदान केंद्र, नहीं बदलेंगे इपिक नंबर

**मतदान करने में मतदाताओं को होगी दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से 44 दिन चले एसआईआर के बाद बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर की तस्वीर बदल गई है। जिले में 2022 मतदान केंद्रों में 260 नए केंद्र बढ़ाए गए हैं, जिससे दो लाख से अधिक वोटर्स के मतदान केंद्र भी बदल गए हैं।

इधर जिनके मतदान केंद्र बदले गए हैं, उनके इपिक कार्ड पर पुराने मतदान केंद्र का नाम दर्ज है, ऐसे में जब मतदान करने का समय आएगा तो मतदाता भ्रमित होगा। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने 23 दिसंबर को जारी मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को 2289 मतदान केंद्रों के हिसाब से जारी कर दिया है, जिससे भारी संख्या में मतदाताओं के मतदान केंद्र बदल गए हैं। वोटर्स को अपना नाम सर्च करने में दिक्कत आ रही है। जागरुक मतदाताओं ने नाम तलाश करने के लिए बीएलओ से संपर्क किया, जबकि अधिकतर को अपने नए केंद्र के बारे में जानकारी ही नहीं है।


ईदगाह हिल्स इलाके में एसआईआर का कार्य करते बीएलओ।

**एक हजार से कम हुआ आंकड़ा**

आयोग ने जिला निर्वाचन कार्यालय को पोलिंग बूथों पर 12 सौ से कम वोटर्स रखने की हिदायत दी थी, जिसके बाद भोपाल में ज्यादातर मतदान केंद्रों पर वोटर्स की तादाद घटकर एक हजार के अंदर रह गई है। अफसरों का कहना है कि नए मतदाताओं के नाम जुड़ने के बाद इन केंद्रों पर 12 सौ के आसवास वोटर्स की तादाद हो जाएगी।

**चार लाख 38 हजार 876 नाम काटे**

विधानसभा स्तर पर मतदान केंद्रों की लिस्ट तैयार कर ली गई है, हालांकि इस लिस्ट में नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। एसआईआर के बाद जिले की सातों विधानसभाओं में चार लाख 38 हजार 876 नाम काटे गए हैं।

**नया नाम जुड़वाने दस दिन शेष**

एसआईआर के बाद भारी तादाद में मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। ऐसे में 23 दिसंबर से नाम जोड़ने का काम जारी है। बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर बैठकर नए आवेदन ले रहे हैं। अब दस दिन शेष हैं, इसके बाद फाइनल वोटर लिस्ट का काम शुरु कर दिया जाएगा। मतदाता 22 जनवरी शाम पांच बजे तक नया नाम जुड़वाने का आवेदन पेश कर सकते हैं। जिसके लिए ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है।

किसी बड़े पशु के हमले से मौत की आशंका

## निशानखेड़ा के जंगल में मृत मिला एक साल का तेंदुआ


राता पानी टाइगर रिजर्व के रेंज दाहोद में निशानखेड़ा में मृत पड़ा तेंदुए का शव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज राता पानी टाइगर रिजर्व के रेंज दाहोद में ग्राम पड़ोनिया बीट निशानखेड़ा में एक साल का तेंदुआ मृत मिला।

दाहोद रेंजर कार्तिकेय शुक्ला ने बताया कि तेंदुआ को किसी जंगली जानवर ने हमला किया है, जिसके कारण तेंदुए की मौत हो गई है। रातापानी अधीक्षक मयंक राज ने बताया कि 1 साल के तेंदुए पर किसी बड़े तेंदुए ने हमला किया है, मृत तेंदुए के गर्दन और सिर पर पंजे के निशान हैं। घटनास्थल पर डीएफओ हेमंत रैकवार एवं एनटीसीए के अधिकारी ने मुआयना किया। इसके बाद मृत तेंदुए का पीएम कराकर दाह संस्कार किया गया।

रेंजर कार्तिकेय शुक्ला ने बताया कि मृत तेंदुए के सैंपल जांच के लिए लिबर्टी में भेजा है।

स्थायी समिति की बैठक में सदस्यों ने उठाए सवाल

## आंगनबाड़ियों में कागजों में ही बांट दिया पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटा जा रहा पोषण आहार भी अधूरा ही बांटा जा रहा है। जबकि अफसरों का दावा इससे ठीक अलग है। उनका कहना है कि सब ठीक चल रहा है। सोमवार को जिला पंचायत में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी समिति की बैठक में समिति सदस्यों ने यह बात उठाई। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत सहित सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में पोषण आहार की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ग्रामीण इलाकों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता मानक स्तर की नहीं है। इसके अलावा केंद्रों में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्तियां भी नहीं की जा रही हैं।


जिंप की स्थायी समिति की बैठक का दृश्य।

अयोध्या नगर पुलिस की कार्रवाई, बड़ी मात्रा में मांझा मिला

## चायनीज मांझा बेच रहे दुकानदार पर कार्रवाई, तीस हजार का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने चायनीज मांझा बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई करते हुए तीस हजार रुपए का मांझा जब्त किया है। इस मांझे से हो रहे हादसे के बादप्रतिबंध लगा दिया गया था। बावजूद इसके आरोपी दुकानदार चायनीज मांझा बेच रहा था।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि रविवार को पुलिस इलाके में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक दुकानदार मिनाल मॉल में किराने कि दुकान संचालित करता है। वह दुकान में बड़ी मात्रा में चायनीज मांझा भी रखे हुए है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दुकान की घेराबंदी करते हुए दबिश दी। इस दौरान दुकान के बाहर बाक्स में पतंग के साथ चायनीज मांझा मिला। दुकान संचालक ने अपना नाम अजय यादव पिता सुंदर लाल यादव (53) दुर्गेश विहार, बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को 1 बड़ी रोल, जिसमे चाइनिज मांझा लिपटा हुआ था और व छोटे रोल, जिसमें लाल मांझा लिपटा हुआ था जब्त किया है।




## कनिष्का को मिला थर्ड प्राइस


वर्ल्ड ट्रैडिशनल शोतोकान कराते में पुरसकार ग्रहण करतीं तनिष्का।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में 24वीं वर्ल्ड ट्रेडिशनल शोतोकान कराते स्टेट कराते चैंपियनशिप मध्यप्रदेश का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली बच्चों ने हिस्सा लिया।

आयोजन में औरा स्पोर्ट्स क्लब की ओर से कनिष्का यादव ने हिस्सा लिया और थर्ड प्राइस प्राप्त किया।

## मां ने फोन चलाने पर लगाई फटकार, तो तालाब में कूदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित आर्च ब्रिज से रविवार शाम एक किशोर ने तालाब में छलांग लगा दी। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह मोबाइल पर समय बिताता था। इसको लेकर माता-पिता ने उसे फटकार लगाई थी। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार नीरज मालवीय पिता रामकुमार मालवीय 17 साल का था और जिंसी, जहांगीराबाद पर रहता था। उसके पिता राजकुमार मालवीय चाइनिज का ठेला लगाते हैं। राजकुमार के परिवार में पत्नी और छोटा बेटा नीरज था। बड़ा बेटा उनके साथ दुकान में हाथ बंटाता है और फर्स्ट ईयर में पढ़ भी रहा है। नीरज का पढ़ाई में दिमाग नहीं लगता था। गत वर्ष वह दसवीं में फेल हो गया था। परिजन ने बताया कि देर रात तक नीरज मोबाइल चलाता था और 11 बजे तक सोकर उठता था। शनिवार रात भी उसने देर तक मोबाइल चलाया और रविवार सुबह देरी से सोकर उठा। देरी से उठने के कारण मां पिता ने उसे फटकार लगा दी। इसके बाद से ही गुस्सा था। गुस्से में शाम करीब साढ़े 6 बजे वह आर्च ब्रिज पहुंचा और तालाब में छलांग लगा दी।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ

## वॉटर प्रोजेक्शन और लेजर शो के साथ होगी रंगारंग शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**शेफाली अल्वारेस एवं दिव्या कुमार की होगी प्रस्तुति**

**खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने लिया तैयारियों का जायजा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जनवरी को शाम 6 बजे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ करेंगे। वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब बड़ा तालाब भोपाल पर वॉटर प्रोजक्शन, लेजर शो, भव्य आतिशबाजी, शेफाली अल्वारेस एवं दिव्या कुमार की प्रस्तुति के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स की शुरूआत होगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को आयोजन स्थल पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने बताया खेलो एमपी यूथ गेम्स देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों के संयुक्त समन्वय से आयोजित हो रहे है। झीलों की नगरी भोपाल से एमपी के सबसे बड़े खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ होगा। शुभारंभ समारोह में भोपाल के तालाबों की भव्यता सजीव रूप में दिखाई देगी।


आयोजन स्थल बोट क्लब का अफसरों के साि निरीक्षण करते खेल मंत्री विश्वास सारंग।

### आज बोट क्लब के पास बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, पास धारकों को ही मिलेगा प्रवेश

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मंगलवार को बडी झील स्थित वाटर स्पोर्ट्स अकादमी पर खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026की लॉन्चिंग सेरेमनी का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के चलते राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था**

- बोट क्लब पर 13 जनवरी को 4 बजे के बाद कार्यक्रम में सम्मिलित होने पास धारी के वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे।
- जो भी कार्यक्रम देखने व सम्मिलित होने वाले पास धारक आ रहे हैं, उनके वाहन वापसी में मानव संग्रहालय के ग्रेट 2 से प्रवेश कर गेट 1 से बाहर निकल कर ट्रायबल म्यूजियम होते हुए अपने गंतव्य पर जा सकेंगे।
- वन विहार जाने के लिए गेट 2 का ही उपयोग हो सकेगा।
- **ऐसी रहेगी वाहन पार्किंग व्यवस्था:** सभी पास धारक जो भी अपने वाहनों से कार्यक्रम स्थल आएंगे । उनके वाहन इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में ही पार्क कर सकेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930